वर्ष-31, अंक- 306, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
23 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### न्यायमूर्ति नवनीत कुमार होंगे राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति नवनीत कुमार झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के पद ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष के लिए या 65 वर्ष की अधिकतम उम्र, जो पहले हो, तक की अवधि के लिए पद धारण करेंगे। सेवाशर्त एवं पदावधि विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के तहत अनुमान्य होंगी। इस संबंध में राज्यपाल के आदेश से सरकार के संयुक्त सचिव के हस्ताक्षर से की गई नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना ऊर्जा विभाग ने जारी कर दी है।

### झारखंड में बारिश का दौर तेज, कई जिलों में अलर्ट

**मेदिनीनगर।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में एक बार फिर बारिश का दौर तेज होने जा रहा है। शुक्रवार को रांची, गुमला और लातेहार में सुबह से ही रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिले के लिए शनिवार को भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर और जामताड़ा में गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। कहीं-कहीं तेज हवा और गर्जन के साथ वज्रपात की भी आशंका जताई गई है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




## नन प्रैक्टिस भत्ता लेने के बावजूद निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई करें : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की बदलाही को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने रिम्स की जेनरल बॉडी की बैठक 08 से 14 सितंबर 2025 के बीच करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी। इसके साथ ही अदालत ने बैठक में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज को बैठक के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। जेनरल बॉडी की बैठक में जो निर्णय लिया जाएगा, उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने का भी निर्देश दिया गया है। अदालत ने रिम्स निदेशक को वैसे डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जो नन प्रैक्टिस भत्ता लेने के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। अदालत ने डॉक्टरों पर की गई कार्रवाई की जानकारी देने का निर्देश भी निदेशक को दिया है। कोर्ट ने निदेशक से यह बताने को कहा है कि रिम्स की ऑडिट कब-कब हुई है। निदेशक को तिथिवार जानकारी शपथपत्र के माध्यम से देने का निर्देश कोर्ट ने दिया है।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र दोबारा शुरू

# शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की उठी मांग

- सदन में दिशोम गुरु के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई
- दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन, पूर्व राज्यपाल मल्लिक को दी गई भी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र की कार्यवाही शुक्रवार से शुरू हुई। सदन में झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को 'भारत रत्न' देने की मांग उठी। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने शोक प्रकाश के दौरान यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि समाज सुधार, आदिवासी एवं वंचित समाज के हक-हुकूक और अलग राज्य के लिए आंदोलन में शिबू सोरेन ने महती भूमिका निभाई और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए उन्हें भारत रत्न देने के लिए सदन की ओर से सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए। सदन में मौजूद कई सदस्यों ने मेज थपथपाकर इस मांग पर समर्थन जताया। जनता दल यूनाइटेड के विधायक सरयू राय ने भी शोक प्रकाश के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि दिशोम गुरु के नाम से शेष पेज 11 पर...

### 4296.62 लाख का अनुपूरक बजट पेश

सत्र के पहले दिन वित्तीय मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का 4296 करोड़ 62 लाख रुपए का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। सदन के पटल पर अनुपूरक बजट रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह एक संवैधानिक व्यवस्था है, जिसपर वाद विवाद सदन में आगे होगा। चालू वित्तीय वर्ष के पहले अनुपूरक बजट में राज्य सरकार ने सर्वाधिक ग्रामीण विकास विभाग को राशि देने का प्रावधान किया है। इसके तहत 96889.72 लाख की राशि दी गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को 41700 लाख रुपए दिए गए हैं। शेष पेज 11 पर...

## सीएम सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक

# मुख्यमंत्री ने दी उम्रकैद के 51 कैदियों की रिहाई पर सहमति

- बैठक में 103 मामलों की गहन समीक्षा की गई

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित 37 नए मामलों के साथ-साथ 66 वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किया गया था।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी विधि (न्याय) नीरज कुमार श्रीवास्तव, महानिरीक्षक कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा, प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे कुल 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई के लिए अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रिहाई के लिए अनुशंसित कैदियों की उम्र एवं पारिवारिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक स्थिति की भी पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच रिहाई के लिए प्रस्तावित सभी मामलों पर गहन विचार के बाद कुल 51 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।

बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में सहमति के उपरांत वर्ष 2019 से अबतक राज्य के विभिन्न कारागारों से 619 कैदियों को रिहा किया जा चुका है, जिसमें 558 कैदियों का विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन भी किया गया है। 61 बंदियों का भौतिक सत्यापन किया जाना बाकी है। यह भी बताया गया कि वर्ष 2019 से अबतक रिहा हुए 619 में से 470 कैदियों को सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, शेष पेज 11 पर...

### रिहा हो रहे कैदियों को नया जीवन शुरू करने के लिए करें प्रेरित

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में समीक्षा के उपरांत राज्य के विभिन्न कारागारों में 14 वर्ष या उससे अधिक समय से सजा काट रहे वैसे कैदी, जिनकी उम्र ज्यादा हो गई है तथा जेल में उनका आचरण अच्छा है, उन्हें रिहा किया जाता है। इसलिए रिहा हो रहे कैदियों को एक बेहतर सामाजिक जीवन शुरू करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि रिहाई से संबंधित अनुशंसित मामलों में कुछ मामले ऐसे भी हैं, जिसमें कैदियों के बीमार होने तथा कुछ की मानसिक शेष पेज 11 पर...

## बौद्ध तीर्थ स्थानों पर पर्यटन को मिलेगा लाभ

# पीएम मोदी ने कोडरमा-वैशाली मेमू ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

- अमृत भारत एक्सप्रेस परियोजना से भी जुड़ी है यह पहल



**गयाजी (आईएएनएस)।** क्षेत्रीय रेल संपर्क और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गया जंक्शन से वीडियो लिंक के माध्यम से बहुप्रतीक्षित कोडरमा-वैशाली मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) पैसेंजर ट्रेन का उद्घाटन किया। डीडीयू मंडल (पं. दीन दयाल उपाध्याय रेलवे डिवीजन) के एडीआरएम दिलीप कुमार ने मेमू मिलने से क्षेत्र को विशेष लाभ होने की बात कही। यह नई ट्रेन सेवा कोडरमा, नवादा, नालंदा, राजगीर, बोधगया और वैशाली जैसे प्रमुख स्थलों को जोड़कर बौद्ध सर्किट तक पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी। यह रेल मार्ग न केवल बिहार और झारखंड को जोड़ता है, बल्कि इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, दोनों राज्यों में छात्रों, श्रमिकों और चिकित्सा सेवाओं की तलाश करने वाले लोगों के लिए संपर्क में सुधार होगा। इस शुभारंभ के महत्व को बताते हुए, डीडीयू मंडल के एडीआरएम (अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक) दिलीप कुमार ने समाचार एजेंसी से कहा, यह मेमू ट्रेन मूल रूप से बिहार के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली एक तेज सेवा है। यह वैशाली से नालंदा, फिर राजगीर और अंत में गया, सभी प्रमुख बौद्ध स्थलों तक चलेगी। उन्होंने बताया कि यह मेमू ट्रेन लगातार कम से मध्यम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई है, जो उच्च दक्षता और बेहतर यात्री सुविधा प्रदान करती है। इसके शुभारंभ से उत्तरी छोटानागपुर और मगध क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ होने की उम्मीद है, क्योंकि इससे छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्र सीधे रेलवे मानचित्र पर आ जाएंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) राजीव रंजन के अनुसार यह पहल अमृत भारत एक्सप्रेस परियोजना से भी जुड़ी है, जिसका उद्देश्य रेल यात्रा को आधुनिक बनाना है। कोडरमा-वैशाली मेमू सेवा से यात्रियों की यात्रा में पहले से ज्यादा और विश्वसनीयता में सुधार होने की उम्मीद है। वहीं, बौद्ध पर्यटन क्षेत्र को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही पर्यटकों के लिए एक अधिक सुलभ शेष पेज 11 पर...

## लातेहार में भीषण सड़क हादसा

# बस-बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड़ के पास एनएच 39 पर शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब रांची से डालटेनगंज जा रही बस (संख्या जेएच 01 सीसी 8829) और डालटेनगंज से रांची की ओर जा रही बुलेट (संख्या जेएच 03 एएन 9529) की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुलेट बस के अगले हिस्से में बुरी तरह फंस गई और दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में से एक की पहचान अब्दुल हासिम सरवर पिता अब्दुल हलीम, निवासी उन्नति विहार, अंबेडकर नगर, सेक्टर-123, नोएडा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। दूसरे युवक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की गति काफी तेज थी, जिससे हादसा हुआ। सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने बस और बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुप्रीम कोर्ट की झारखंड हाईकोर्ट को सलाह, अदालत अधीनस्थ अफसरों के लिए अभिभावक की तरह

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने हजारीबाग जिला अदालत में पदस्थापित रही महिला एडीजे (एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज) के तबादले से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट को उन्हें राहत देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा, हाईकोर्ट को अपने न्यायिक अधिकारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए और उनके व्यक्तिगत व पारिवारिक हालात का ख्याल रखना चाहिए। हाईकोर्ट अपने अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियों के लिए अभिभावक होता है।

## नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं

- दफ्तर में देर से आने वाले अधिकारियों व कर्मियों पर गिरेगी गाज, कुलपति ने जताई कड़ी नाराज़गी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रशासन ने लेटलतीफ कर्मचारियों पर शिकंजा कस दिया है। कुलपति के निरीक्षण में यह खुलासा हुआ कि कई अधिकारी और कर्मचारी रोज़ाना देर से कार्यालय पहुंचते हैं। इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए अब कार्रवाई की तलवार लटक गई है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिस में सख्त चेतावनी दी गई है कि सुबह 10 बजे से पहले सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। देरी करने वालों पर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। साथ ही, कार्य समय में दफ्तर को अड्डा बनाने और अनावश्यक भीड़-भाड़ करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। नोटिस में साफ कहा गया है कि यह स्थिति विश्वविद्यालय की साख को नुकसान पहुंचा रही है और अब इसे हर हाल में सुधारा जाएगा। कर्मचारियों से अपेक्षा की गई है कि वे तुरंत अपने व्यवहार में बदलाव लाएँ, वरना सख्त प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे।

## पेड़ के सहारे दीवार फांदकर अंदर घुसा युवक

# संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक

- सुरक्षाकर्मियों ने घुसपैठिए को पकड़ा, पूछताछ जारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लगी है। शुक्रवार को एक शख्स पेड़ पर चढ़ते हुए दीवार फांदकर अंदर घुस गया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने घुसपैठिए को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। यह घटना संसद के मानसून सत्र के समाप्त होने के एक दिन बाद हुई है। बताया जा रहा है कि एक शख्स पेड़ के सहारे दीवार पर चढ़ा और फिर संसद भवन परिसर के अंदर कूद गया। रेल भवन की तरफ से इस व्यक्ति ने दीवार फांदी। इसके बाद वह नई संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया। शेष पेज 11 पर...

### संसद परिसर में युवक का घुसना बड़ी चूक : सुखदेव भगत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मानसून सत्र के खत्म होने के एक दिन बाद संसद परिसर की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली, जहां एक शख्स पेड़ पर चढ़कर, दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने इसे बड़ी चूक बताया। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने समाचार एजेंसी से कहा, यह एक गंभीर मसला है। जब 24 घंटे चारों ओर सुरक्षा है, उसके बावजूद पेड़ पर चढ़कर दीवार फांदकर जाना, संसद परिसर में घुसना बहुत ही गंभीर मसला है। आरोपी को पकड़ने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आरोपी चढ़ा कैसे? क्योंकि, चारों तरफ सिक्योरिटी हैं और सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

## इंडिया

# चीन से बात और नेपाल को सख्त संदेश के मायने



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अब तक के सबसे विवादास्पद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी ही भभकी की भाषा में जवाब भारत ने देना शुरू किया और चीन से बातचीत आगे बढ़ी जो भारत का स्थायी शत्रु और प्रतिद्वंद्वी है पर आर्थिक रूप से कमजोर नेपाल की बात अलग है पर उसे भी सख्त संदेश दिया गया।लिपुलेख दर्रे पर नेपाल सरकार के दावे को खारिज कर भारत का यह स्पष्ट करना बिल्कुल उचित और समयोचित है कि उसकी संप्रभुता और सीमाई अधिकारों को लेकर किसी भी तरह का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नई दिल्ली में चीनी विदेश मंत्री की भारतीय विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रधानमंत्री मोदी से बैठक के बाद जारी संयुक्त घोषणा पत्र में कहा गया कि भारत और चीन के बीच व्यापार उत्तराखंड के लिपुलेख, हिमाचल के शिपकी ला और सिक्किम के नाथु ला, तीनों दर्रों से होगा। इसके बाद ही नेपाली मीडिया और फिर वहां के विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर आपत्ति जतानी शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि लिपुलेख नेपाल के उत्तर-पश्चिम में स्थित है, जो भारत, नेपाल और चीन की सीमा से जुड़ा है। नवंबर, 2019 में जब जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर दो केंद्रशासित प्रदेश बनाए, तब जो नक्शा जारी किया था, उसमें भी ये क्षेत्र शामिल थे। यह नहीं भूला जाना चाहिए कि भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से व्यापार 1954 से शुरू हुआ था और फिलहाल कई दशकों से जारी भी है। गलवान घाटी और कोविड के समय कुछ वर्ष बाधित रहा, लेकिन इस आधार पर ऐसे क्षेत्रीय दावे नहीं स्वीकार किए जा सकते, जो ऐतिहासिक तथ्यों व साक्ष्यों की तरफ से आंखें मूंदे हुए हों। नेपाल के साथ भारत के पुराने सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं और भारत ने इनका हमेशा सम्मान भी किया है। भारत ने सीमा संबंधी मुद्दों को रचनात्मक संवादों के माध्यम से सुलझाने की बात की है। रणनीतिक दृष्टि से भी भारत के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ चीन से सटा यह क्षेत्र भारत की सुरक्षा की भी गारंटी है। इस मामले में जहां भारत की नीति बिल्कुल स्पष्ट रही है, वहीं यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि नेपाल की राजनीति में चीन-पाकिस्तान के प्रभावों के चलते समय-समय पर इस तरह की दुर्भावनापूर्ण कोशिशें होती रही हैं। ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति के दबाव में चीन भारत के नजदीक तो आ रहा है, लेकिन अतीत के उसके विस्तारवादी इरादों के मद्देनजर भारत के लिए जरूरी है कि वह सीमाओं से जुड़े मामलों में दृढ़



बना रहे। संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में भ्रम अच्छा नहीं होता। ऐसे में, नेपाल की आपत्तियों को सिरे से खारिज कर भारत ने उसे बिल्कुल सटीक जवाब दिया है कि सीमाओं और संप्रभुता पर उठे सवालों को सहन नहीं किया जाएगा।भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रा लंबे समय से कारोबार का मार्ग रहा है। इतना ही नहीं चीन के दायरे में आने वाले कैलाश पर्वत रेंज और मानसरोवर तालाब तक जाने के लिए यह भारत का अहम मार्ग है। इससे भारत के उत्तराखंड में आने वाला कुमाऊं क्षेत्र और तिब्बत का तकलाकोट सीधे जुड़ता है। 2020 में पहले सीमा पर टकराव और फिर कोरोना महामारी के बाद से ही दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र से व्यापार रुका था। अब जब भारत-चीन ने लिपुलेख दर्रे से फिर कारोबार करने पर हामी भरी है तो नेपाल ने इस मुद्दे को उठाया है। भारत ने स्पष्ट किया कहा कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे न तो न्यायसंगत हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस तरह के दावे केवल बनावटी और एकतरफा बढ़ोतरी हैं, जो स्वीकार्य नहीं हैं। वैसे इसमें भी चाल चीन की है चेहरा नेपाल का।

## दो दिनों में खत्म होगी खाद की किल्लत : बशिष्ठ सिंह

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडल क्षेत्र में खाद की किल्लत और कालाबाजारी से किसानों की बढ़ी परेशानी जल्द दूर होने वाली है। झामुमो किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि एक-दो दिनों में खाद की उपलब्धता सामान्य हो जाएगी। उन्होंने बताया कि उनकी वार्ता जिला कृषि पदाधिकारी से हुई है, जिन्होंने इफको अधिकारियों से समन्वय कर किसानों को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### खाद की कालाबाजारी पर एसडीओ ने दिखाई सख्ती

# निर्धारित दर से अधिक वसूली पर होगी एफआईआर, दुकानों का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी को लेकर किसानों की शिकायतों के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने शनिवार को चार खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। किसानों ने आरोप लगाया था कि दुकानदार कृत्रिम किल्लत दिखाकर यूरिया और डीएपी खाद ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। डीएपी जिसकी अधिकतम कीमत 1350 रुपये है,



उसे 1700 रुपये में बेचा जा रहा था। वहीं यूरिया 266.50 रुपये की जगह 350-400 रुपये में किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में अनियमितताएं पाई गईं। एसडीओ ने चेतावनी दी कि यदि कोई विक्रेता निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि ऐसी किसी भी शिकायत की तुरंत सूचना प्रशासन को दें ताकि कार्रवाई की जा सके।

## उंटारी में बिजली चोरी के आरोप में नौ लोगों पर प्राथमिकी

- **विभिन्न गांवों में छापेमारी, अभियंता की शिकायत पर थाने में दर्ज हुआ मामला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड (पलामू)।** जिले के उंटारी थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ की गई विशेष छापेमारी के दौरान नौ लोगों को अवैध रूप से बिजली जलाते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में कनीय अभियंता सुधीर मुंडू ने सभी नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है उनमें बिरजा गांव के रंजीत चौधरी, बसड़िया के जयराम चौधरी, कुल्ही की शांति देवी, डेवडर के हदीश अंसारी और दुर्गेश राम, मुरमा के अनु साव, चेचरिया के हरिबंश मेहता, अरविंद कुमार और जयनाथ मेहता का नाम



शामिल है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी गंभीर अपराध है और इसमें पकड़े जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हुसैनाबाद में युवाओं ने ली झामुमो की सदस्यता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में कई युवाओं और महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ली। झामुमो किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने स्थानीय युवा समाजसेवी मुकेश सिंह और धर्मेंद्र तिवारी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्हें अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष आजम खान, प्रखंड सचिव राजेश कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोसीआरा स्टेशन तक पहुंचने का संपर्क मार्ग बदहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोसीआरा स्टेशन का संपर्क मार्ग बदहाली का शिकार है। बारिश के दिनों में मार्ग पर कीचड़ फैलने से यात्रियों का प्लेटफार्म तक पहुंचना बेहद कठिन हो जाता है। खासकर प्लेटफार्म संख्या 4 की ओर जाने वाला रास्ता पूरी तरह जर्जर हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन पर नए भवन और प्लेटफार्म तो तैयार हो गए हैं, फुटओवर ब्रिज भी बन गया है, लेकिन संपर्क मार्ग की दुर्दशा पर रेलवे ने कोई ध्यान नहीं दिया। प्रतिदिन 5 से 10 लोग इस कीचड़युक्त रास्ते पर फिसलकर घायल हो जाते हैं। समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह और कांग्रेस नेता अफरोज अहमद सिद्दीकी ने स्टेशन परिसर में पीसीसीकरण की मांग की है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित आवाजाही की सुविधा मिल सके।

## 26 अगस्त को विधानसभा के समक्ष वित रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा का महाधरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वित रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने 26 अगस्त को राज्यव्यापी महाधरना का ऐलान किया है। यह महाधरना झारखंड विधानसभा के समक्ष आयोजित होगा। इसके अलावा 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन पर धरना व घेराव भी किया जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव प्रो. अरविंद कुमार सिंह, मनीष कुमार और मुरारी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि के संलेख का प्रस्ताव विधि विभाग से अनुमोदित हो चुका है तथा वित्त विभाग ने 56 करोड़ रुपये की राशि की भी स्वीकृति दे दी है। बावजूद इसके शिक्षा सचिव और मुख्यमंत्री के बीच विमर्श न होने से कैबिनेट



**◀◀ 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर होगा राजभवन घेराव, शिक्षकों ने जताया आक्रोश**

की सहमति अब तक नहीं मिल सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबद्ध डिग्री कॉलेजों को 2023 में ही अनुदान वृद्धि का लाभ मिल चुका है, लेकिन उसी नियमावली से संचालित इंटर कॉलेज, संस्कृत विद्यालय और मदरसों के साथ भेदभाव किया गया है। कार्मिक विभाग द्वारा 17 मार्च 2025 को शिक्षा सचिव को पत्र भेजने के बावजूद कार्रवाई नहीं होना शिक्षकों में भारी आक्रोश का कारण है। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि शासी निकाय और अवधि विस्तार के नाम पर अनुदान रोका गया तो शिक्षक सड़कों पर उतरेंगे और मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जरूरत पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका भी दायर की जाएगी। बैठक में प्रदेशभर के इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय और मदरसा विद्यालयों के प्राचार्य व प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान कोर्ट द्वारा इंटरमीडिएट शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने के आदेश पर खुशी व्यक्त की गई। साथ ही 26 अगस्त तक उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की अपील भी की गई। बैठक की अध्यक्षता गणेश महतो ने की। अंत में शिक्षकों ने दिशुम गुरु शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हुसैनाबाद कॉलेज में स्नातक नामांकन का सुनहरा अवसर

## एनपीयू चान्सलर पोर्टल पर 28 अगस्त तक करें पंजीकरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** स्नातक (बीए, बीकॉम, बीएससी) सत्र 2025-29 में पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए हुसैनाबाद में अवसर उपलब्ध है। एनपीयू यूनिवर्सिटी के चान्सलर पोर्टल पर नामांकन की अंतिम तिथि 28 अगस्त निर्धारित की गई है। सरकारी डिग्री कॉलेज हुसैनाबाद के प्राचार्य प्रो. डॉ. राम कुमार ने बताया कि यहां नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। कॉलेज में केवल सरकारी निर्धारित शुल्क लिया जाएगा और किसी प्रकार का शोषण नहीं होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से समय रहते ऑनलाइन पंजीकरण और नामांकन पूरा करने की अपील की।

### गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव की पहल से मोहम्मदगंज में खुशी की लहर

## रेल मंत्री ने ली संज्ञान, सांसद विष्णुदयाल राम की कोशिशों से बढ़ी उम्मीदें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गरीब रथ (12877/12878) रांची-नई दिल्ली एक्सप्रेस के मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग पूरी होने की उम्मीद तेज हो गई है। सांसद विष्णुदयाल राम द्वारा 4 अगस्त को रेल मंत्रालय को भेजे गए पत्र पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को ऑपरेशनल फिजिबिलिटी जांच का निर्देश दिया है। इस पहल से गढ़वा और सोनतटवर्ती रोहतास व कैमूर जिले के यात्रियों में खुशी की लहर है। उन्होंने सांसद की




निरंतर कोशिशों को सराहते हुए आभार जताया। स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गरीब रथ का ठहराव होने से दिल्ली, प्रयागराज और कानपुर तक सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। मरीजों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को बड़ी सुविधा होगी। वहीं भीमचुल्हा जैसे पर्यटन स्थल को भी राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

## अधूरा डायवर्सन बना मुसीबत

**ऊंटारी रोड।** पांडू-मुसिखाप-नावाबाजार मार्ग पर अधूरा पड़ा डाइवर्शन हादसों और जाम की वजह बन गया है। स्कूली बसें घंटों लेट हो रही हैं और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने संवेदक पूजा कंस्ट्रक्शन पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही से लोग रोजाना जोखिम उठा रहे हैं।

### पुल निर्माण में लापरवाही से ग्रामीण परेशान

## डायवर्सन रोड न बनने और छठ घाट तोड़े जाने पर जताया आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत के ग्रामीणों ने मुरही नदी पर चल रहे पुल निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को पत्र सौंपकर कहा कि जून 2025 से पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन संवेदक ने अब तक डायवर्सन रोड नहीं बनाया। इससे लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है और जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने पुल के पास बने छठ घाट को जेसीबी से तोड़ दिया गया, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुँची है। उन्होंने प्रशासन से स्थल निरीक्षण कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने और तत्काल डायवर्सन रोड निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन देनेवालों में विक्रम पांडेय, इन्द्रमोहन कुमार पांडेय, राजेन्द्र ननदुवंशी, मेधनाथ साव, दिनेश्वर पांडेय सहित कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### हैदरनगर-परता मुख्य मार्ग पर संकट, मूरही नाला बना बाधक

**हैदरनगर।** शनिवार रात की भारी बारिश से हैदरनगर-परता मुख्य मार्ग पर मूरही नाला का जलप्रवाह बढ़ गया। इससे



सड़क पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और आसपास के गांवों का संपर्क कट गया। स्थानीय किसानों का कहना है कि बिना तकनीकी निरीक्षण के केवल पांच फीट चौड़ा कलवर्ट प्रस्तावित करना भारी जलप्रवाह को रोकने के लिए नाकाफी है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थायी समाधान नहीं किया गया तो सड़कों के साथ खेत भी डूब क्षेत्र में समा जाएंगे। किसानों और जनप्रतिनिधियों ने सांसद विष्णु दयाल राम से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों की अनदेखी हुई तो निर्माण कार्य रोकने के लिए आंदोलन किया जाएगा।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 79 मरीजों की जांच

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड परिसर में शुक्रवार से दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू हुआ। 79 मरीजों की जांच कर दवाएं दी गईं। डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राकेश सिंह, सुनील कुमार सिंह और डॉ. शक्ति सिंह ने मरीजों का आयुर्वेद और होम्योपैथ पद्धति से इलाज किया। जबकि आनंद कुमार ने योग से रोग मुक्ति के टिप्स दिए। शिविर में सीएचओ, एमपीडब्ल्यू और सहियाओं ने सहयोग किया।




## बीएचयू में ज्योतिष महोत्सव में सम्मानित हुए पलामू के तीन ज्योतिष

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में आयोजित काशी ज्योतिष महोत्सव 2025 में पलामू के तीन ज्योतिषों को सम्मानित किया गया। पांकी के ज्योतिर्विद रवि रंजन प्रभु, मेदिनीनगर के वीरेंद्र दुबे और एस्ट्रो अनुराधा को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष डॉ. एस एच रावत ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रवि रंजन प्रभु ने कहा कि ज्योतिष और आयुर्वेद मिलकर जीवन को बेहतर बना सकते हैं। एलोपैथिक दवाएं जहां एक बीमारी खत्म करती हैं, वहीं दूसरी बीमारी को जन्म देती हैं। जबकि ज्योतिषीय परामर्श और आयुर्वेद से ब्लड प्रेशर, शुगर और डिप्रेशन जैसी बीमारियों को मात दी जा सकती है।




## जल जीवन मिशन प्रशिक्षण में शामिल हुईं 19 जलसहियाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मेदिनीनगर में आयोजित जल जीवन मिशन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में हैदरनगर की 11 एवं मोहम्मदगंज की 8 यानी कुल 19 जलसहियाओं ने भाग लिया। ब्लॉक वॉश कोऑर्डिनेटर हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि इस प्रशिक्षण में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मस्तराम मीणा ने



जलसहियाओं को सामाजिक दायित्व निभाने की नसीहत दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही जलसहियाओं का मानदेय बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया जाएगा। इस घोषणा से जलसहियाओं में उत्साह है और उन्होंने पूरे मनोयोग से अपने दायित्व का पालन करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि– डीएपी खाद 1350 प्रति 50 किलो, यूरिया खाद 266.50 प्रति 45 किलो के दर से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई विक्रेता कालाबाजारी या अतिरिक्त मूल्य वसूली करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर है और समय रहते समाधान सुनिश्चित कर रही है।

**प्रतिभा**

### कसियाडीह में फुटबॉल वितरण समारोह आयोजित

## ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के कसियाडीह मध्य विद्यालय का प्रांगण शुक्रवार को खिलाड़ियों की उमंग और उत्साह से गूंज उठा। यहां आयोजित फुटबॉल वितरण समारोह में ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को नई दिशा देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद साहू एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दर्जनों खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रदान किए गए। अपने संबोधन में आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि– ह्रखेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकाग्रता और जीवन



जीने की कला सिखाता है। ग्रामीण बच्चों में अपार प्रतिभा है, जरूरत सिर्फ सही मंच और संसाधन देने की है। उन्होंने बताया कि पिछले पाँच वर्षों से लगातार वे फुटबॉल वितरण कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। मौके पर सरना समाज के प्रखंड सचिव सुनील उरांव, लखन साहू, अनंत मिस्त्री, सहेनदर उरांव, सिगल उरांव, विजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, वीरेन्द्र उरांव, उमेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। फुटबॉल पाकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने कहा कि अब वे और मेहनत कर अपनी प्रतिभा को निखारेंगे।

## रिकॉर्ड तोड़ बारिश से लबालब हुए तालाब

**◀◀ सिंचाई, मत्स्य पालन और जलस्तर बनाए रखने में मिलेगी मदद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** इस वर्ष अप्रत्याशित भारी बारिश से क्षेत्र के आहर और तालाब लबालब भर गए हैं। प्राकृतिक सौंदर्य निखर उठा है और बरसाती नालों में लंबे समय बाद तेज जलप्रवाह देखा जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इससे सिंचाई, मत्स्य पालन और भूजल स्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही चारे की किल्लत भी खत्म हो गई है। पिछले साल केवल 612 मिमी बारिश हुई थी, जबकि इस साल अब तक 1112.5 मिमी वर्षापात दर्ज हुआ है और आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।



### पलामू की जर्जर सड़कों पर डीआईजी ने जताई चिंता

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा - सड़क बनने से गांवों को राहत व सुरक्षा, वन विभाग की मंजूरी सबसे बड़ी बाधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल की कई सड़कें लंबे समय से जर्जर और कच्ची पड़ी हुई हैं। इस मुद्दे को अब डीआईजी नौशाद आलम ने गंभीरता से उठाया है। शुक्रवार को मुख्यालय से हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने इन खराब सड़कों का उल्लेख किया और कहा कि गांवों तक पक्की सड़क पहुंचाना बेहद जरूरी है।

डीआईजी ने बताया कि कई गांव आज भी कच्ची सड़कों और पगडंडियों पर निर्भर हैं। सबसे खराब स्थिति खैरादोहर से शिल्दा कला होते हुए गोरेथान तक की है, जहां पूरी तरह कच्चा रास्ता है। वहीं, गोरेथान से बरखार, रजडेरवा और सकसपुर तक का इलाका घने जंगल से घिरा है, जहां सिर्फ पगडंडी रह गई है। इसके अलावा वैरायोडर, सिलयाकाला, बरखार, रजडेरवा और शाहपुर से हुलसी घाट तक की सड़कें भी बेहद जर्जर हालत में हैं। बरसात के दिनों में इन रास्तों पर कीचड़ और फिसलन से लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है। कहीं टूटी-फूटी सड़कें हैं तो कहीं सिर्फ पगडंडी बची है। बरसात के दिनों में इन रास्तों पर लोगों और वाहनों का चलना मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने कहा कि इन इलाकों में हजारों की आबादी रहती है। गांवों में अब भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क नहीं होने के कारण न सिर्फ ग्रामीणों को परेशानी होती है बल्कि प्रशासन और पुलिस की पहुंच भी सीमित हो जाती है। उन्होंने बताया कि यह सभी सड़कों की कुल लंबाई करीब 25 किलोमीटर के आसपास है।

डीआईजी आलम ने कहा कि सड़कें बनने से गांववालों को सुविधा मिलेगी, बच्चों की पढ़ाई और मरीजों की आवाजाही आसान होगी। साथ ही पुलिस-प्रशासन भी बिना दिक्कत इन इलाकों तक पहुंच पाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इन योजनाओं को पूरा करने में सबसे बड़ी रुकावट वन और पर्यावरण विभाग की मंजूरी है। कई सड़कें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं और इन इलाकों में जंगलों की भरमार है। मंजूरी न मिलने के कारण काम सालों से अटका हुआ है।

मुख्यालय ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाई है। इसी कड़ी में 22 अगस्त को रांची में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई है। इसमें पलामू समेत प्रमंडल की सभी लंबित सड़क योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

डीआईजी ने उम्मीद जताई कि इस बैठक के बाद सड़क निर्माण कार्यों को तेज़ी मिलेगी और जल्द ही ग्रामीणों को जर्जर सड़कों की समस्या से राहत मिलेगी।

# विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का डीआईजी नौशाद आलम ने किया निरीक्षण



- अनुशासन और त्वरित कार्यशैली की सराहना, पुलिस मुख्यालय को भेजेंगे नए पद सृजन का सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति और पुलिसकर्मियों की तैनाती का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद डीआईजी ने कहा कि कम समय में कार्यालय में कार्यों की बेहतर व्यवस्था दिखना सराहनीय है। उन्होंने बताया कि 20 मिनट के भीतर पुलिस लाइन से अनुमंडलीय कार्यालय तक बल की पहुंच और गार्ड की व्यवस्था यह दर्शाती है कि पुलिस कर्मियों में अनुशासन और तत्परता है।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एक-दो कमियां महसूस हुई हैं, जिनके समाधान हेतु वह पुलिस मुख्यालय को सुझाव भेजेंगे। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में विश्रामपुर एसडीपीओ का कार्यक्षेत्र व्यापक है, जिसमें विश्रामपुर और आसपास के 5-6 थाने शामिल हैं। साथ ही, उन्हें मुख्यालय के कार्यों की जिम्मेदारी भी उठानी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कामकाज और फील्ड भ्रमण, दोनों जिम्मेदारियां अलग-अलग प्रकृति की हैं। ऐसे में पलामू हेड क्वार्टर डीएसपी का एक अलग से पद सृजित होना चाहिए। मैं इसके लिए पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजूंगा।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को निष्ठा और पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा करने का निर्देश भी दिया।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज

# भाजपा राज में पूंजीपति फल-फूल रहे, गरीबों की अनदेखी : बिट्टू पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान अब गांव-गांव तक पहुँच रहा है। शुक्रवार को पाटन प्रखंड के शोले, सिरमा, कांके कला और राजहरा सुठा पंचायतों में कमेटियों और बीएलए की नियुक्ति की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस ही गरीबों और मध्यम वर्ग की सच्ची हितैषी पार्टी है। हमारे शासन में गांव-गरीब खुशहाल थे। भाजपा सरकार में सिर्फ पूंजीपति वर्ग फल-फूल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की अपील की।

# झांसा देकर 6 लाख के गहने उड़ाए

- शहर में ठगों का आतंक, बाइक सवार दोनों आरोपी सीसीटीवी में कैद

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना रोड नंबर 10 में ठगों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार नवीन सिंह की पत्नी सुनीता सिंह से ठगों ने गहना साफ करने का झांसा देकर करीब 6 लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने उड़ा लिए। शाम को बाइक से आए दो युवक खुद को कंपनी का कर्मचारी बताते हुए महिला के घर पहुंचे। उन्होंने मुफ्त में गहना साफ करने की बात कही। पहले महिला की अंगूठी साफ कर चमकदार बनाकर लौटा दी। उस पर भरोसा कर महिला ने सोने की चेन भी उनके हवाले कर दी। ठगों ने चेन को पानी और पाउडर मिले मग में डाल दिया और महिला से कहा कि कुछ देर बाद निकाल कर देखिए। इसके बाद वे मौके से चलते बने। जब महिला ने मग की जांच की तो चेन गायब थी। महिला ने तुरंत इसकी शिकायत शहर थाना में दर्ज कराई। थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने बतया कि महिला के झांसा देकर तीन चेन व दो अंगुठी को साफ करने के लिए मग में डालकर चमकाने की बात कही और फरार हो गया। जिसकी कुल कीमत करीब छह लाख रुपये हैं। पुलिस मामले की तत्परता से जांच कर रही है।

# गांव को अपना घर मानेंगे, तभी होगी असली स्वच्छता : प्रधान सचिव



- टाउन हॉल में जल जीवन मिशन के तहत मुखियाओं और जल सहियाओं संग संवाद, योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 'हमारे समाज में किसी भी व्यक्ति या परिवार की पहचान उसके घर से होती है। यदि हम अपने घर को साफ-सुथरा रखना चाहते हैं, तो हमें अपने गांव, पंचायत, जिला, राज्य और देश को भी अपना घर मानकर चलना होगा। यही सोच हमें स्वच्छता की दिशा में अव्वल बनाएगी।' यह बात पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने शुक्रवार को कही। वे टाउन हॉल, मेदिनीनगर में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित मुखियाओं एवं जल सहियाओं संग संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधान सचिव ने कहा कि आजकल बीमारियों का सबसे बड़ा कारण दूषित पानी और भोजन है। अगर हर व्यक्ति शुद्ध और स्वच्छ पानी तथा भोजन ग्रहण करे तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि "प्राचीन काल में लोग तालाब, कुएं और प्राकृतिक झरनों से पानी पीते थे। लेकिन अब यह पानी सुरक्षित नहीं है। इन जलस्त्रोतों को प्रदूषित करने में इंसान की ही भूमिका रही है, इसलिए इन्हें दुरुस्त करना भी हमारी जिम्मेदारी है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन के तहत पूरी की गई योजनाओं की जिम्मेदारी अगले 5 साल तक संबंधित संवेदक (कॉन्ट्रैक्टर/एजेंसी) की होगी। यदि कहीं खराबी आती है तो उसी एजेंसी के जरिए सुधार कराया जा सकता है।

कार्यक्रम में अभियान निदेशक रमेश घोलप ने बताया कि 15 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री द्वारा जल जीवन मिशन की शुरुआत की गई थी। बीते छह वर्षों में इस दिशा में काफी काम हुआ है, लेकिन अभी भी बहुत कार्य बाकी है।

उन्होंने कहा कि राज्य के 62.5 लाख परिवारों तक नल का जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 55 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

इसी तरह पलामू जिले में 3 लाख 65 हजार परिवारों तक योजना पहुंचानी है, जिसमें अब तक 53 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है।

घोलप ने मुखियाओं और जल सहियाओं को योजनाओं के पूर्ण होने के बाद हैंडओवर की प्रक्रिया और उनकी जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी।

मौके पर उपायुक्त ने मुखियाओं और जल सहियाओं से कहा कि आपके गांव-घर में योजनाएं लागू हो रही हैं, इसकी सही जानकारी आपसे बेहतर किसी के पास नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि आज विभागीय अधिकारी आपके बीच मौजूद हैं, ऐसे में आप पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या या अनुभव को उनके साथ साझा कर सकते हैं। संवाद कार्यक्रम में कई पंचायतों के मुखिया और जल सहियाओं ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने किया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक मनोहर मरांडी, मुख्य अभियंता अनिल प्रसाद, प्रभात कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय श्रीवास्तव, सभी बीडीओ, पंचायत सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत बड़ी संख्या में जल सहिया और मुखियागण उपस्थित रहे।

## 200 कैदियों का ट्रांसफर, पलामू जेल में क्षमता से अधिक बंदी

**मेदिनीनगर।** पलामू सेंट्रल जेल में कैदियों की संख्या लगातार बढ़ने से जेल प्रशासन के हाथ-पाँव फूल गए हैं। जेल की निर्धारित क्षमता 760 बंदियों की है, जबकि मौजूदा समय में 925 से अधिक कैदी बंद हैं। इनमें तीन फांसी की सजा पाए कैदी, 300 से अधिक सजायाफ्ता, नक्सली और कई कुख्यात अपराधी भी शामिल हैं। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जेल प्रशासन ने 200 कैदियों को हजारीबाग सेंट्रल जेल शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। जेलर आशीष कुमार ने पुष्टि की कि ट्रांसफर की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से होगी। आईजी और डीआईजी स्तर से समीक्षा के बाद डीसी और एसपी को सुरक्षा प्रबंध दुरुस्त रखने का पत्र भी भेजा गया है। जानकारों का कहना है कि अगर कैदियों की भीड़ ऐसे ही बढ़ती रही तो जेल के भीतर हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं।

# हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी : प्रधान सचिव

- जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक में तेज़ी लाने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम और आप शुद्ध पानी पीते हैं, यही अधिकार आम जनता का भी है। ग्रामीणों के घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रधान सचिव ने वीडब्ल्यूएससी को हैंडओवर की जा रही योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को स्थानीय मुखिया के साथ समन्वय कर इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने धीमी गति से चल रहे एसवीएस इंस्पेक्शन, योजनाओं के फिजिकल कंप्लीशन, गांववार FHTC कवरेज, हर-घर जल रिपोर्टिंग एवं प्रमाणन, जियो टैगिंग जैसे बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के पूर्ण होने के बाद 5 साल तक संबंधित एजेंसी/वेंडर की जिम्मेदारी होगी कि वह रखरखाव और मरम्मत का कार्य समय पर करे। छोटी-छोटी तकनीकी समस्याओं के कारण पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि जिले के दोनों वाटर टेस्टिंग लैब का उपयोग करते हुए प्रत्येक प्रखंड में नियमित अंतराल पर पानी की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नल से स्वच्छ जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बैठक में अभियान निदेशक ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिलती हैं कि पानी की टंकियां खुली रहती हैं या समय पर सफाई नहीं होती। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी छोटी-छोटी शिकायतों का तुरंत समाधान हो।

उन्होंने जोर देकर कहा कि पेयजल की पाइपलाइन कम से कम दो फीट गहराई में डाली जाए ताकि क्षति की संभावना कम रहे।

**स्वच्छ भारत मिशन पर भी हुई चर्चा**

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2025-26 की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें गांव स्तर पर ठोस और तरल कचरा प्रबंधन की योजना बनाना, घरेलू शौचालय और सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण, गोबर गैस प्लांट और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की स्थिति, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की कार्यप्रणाली, ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) गांवों का वेरीफिकेशन आदि बिंदू शामिल रहे।

**बैठक में मौजूद रहे अधिकारी**

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक मनोहर मरांडी, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, मुख्य अभियंता अनिल प्रसाद, प्रभात कुमार सिंह समेत विभागीय अभियंता और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पलामू में शराब दुकानों की ई-लॉटरी से बंदोबस्ती



- सात महीनों में 112 करोड़ से अधिक राजस्व की उम्मीद, हरिहरगंज बनेगा हॉटस्पॉट

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में शराब दुकानों की बंदोबस्ती अब ई-लॉटरी प्रणाली से की गई। कुल 477 आवेदन आए थे, जिनमें से 70 दुकानों को आवंटित किया गया है। इनमें सात देसी शराब की दुकानें और 63 कंपोजिट दुकानें शामिल हैं। उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के बचे हुए सात महीनों में 112 करोड़ 30 लाख रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। इसमें सबसे अधिक आय हरिहरगंज की दो दुकानों से होगी। आनंद कुमार माथुर की दुकान से 11.47 करोड़ और मनसा देवी की दुकान से 12.49 करोड़ की आय होने का अनुमान है। उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने बताया कि इस प्रक्रिया में पूरी तरह से परदर्शिता रखी गई है। लौटरी में प्रथम स्थान वाले टर्नअप नहीं होंगे तो उनके स्थान पर दूसरे नंबर वाले को प्राथमिकता दिया जायेगा।

### पति-पत्नी को अलग-अलग मंच पर सम्मान

# पूनम जायसवाल को सर्वश्रेष्ठ पंचायत अवार्ड, डॉ. कौशल को पर्यावरण सम्मान




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल और उनके पति पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ. कौशल किशोर जायसवाल को अलग-अलग मंचों पर सम्मानित किया गया।

पूनम जायसवाल को पंचायती राज विभाग की ओर से "सर्वश्रेष्ठ विकसित पंचायत" का अवार्ड मिला। वहीं डॉ. कौशल को रांची में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

पूनम ने कहा कि उनका परिवार पिछले आठ पंचायत चुनावों में छह बार जीत दर्ज कर चुका है और पंचायत को आदर्श बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

डॉ. कौशल ने बताया कि उन्होंने निजी खर्च से 18 किलोमीटर सड़क, 200×200 का तालाब, 18 चापाकल, पार्क और शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

# राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के 11 खिलाड़ी चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के संत मरियम स्कूल ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। धनबाद के अमाघाटा स्थित क्रेडों वर्ल्ड स्कूल में 23 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में विद्यालय के 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह चयन पलामू जिला गतका संघ की देखरेख में किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अंडर-11 टीम सिंगल सोती वर्ग से आर्यन कुमार, कुशाग्र शुक्ला, रोहित कुमार पासवान और राजवीर पासवान, अंडर-11 इंडिविजुअल सिंगल सोती वर्ग से अर्पित तिवारी, अंडर-11 इंडिविजुअल फरी सोती वर्ग से अभिनव सिंह, अंडर-14 गर्ल्स टीम फरी सोती से रिया कुमार, अंडर-14 ब्वॉयज इंडिविजुअल फरी सोती से पुष्कर कुमार, अंडर-14 ब्वॉयज टीम फरी सोती से अतुल सिंह, अंडर-17 गर्ल्स इंडिविजुअल सिंगल सोती से खुशबू कुमारी और अंडर-17 ब्वॉयज टीम फरी सोती वर्ग से रोशन कुमार मांझी का नाम शामिल है। सभी चयनित खिलाड़ी शुक्रवार रात धनबाद स्पेशल ट्रेन से रवाना होंगे। इनके साथ विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सुमित वर्मन भी मौजूद रहेंगे और प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आदर्श कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है कि इतने बड़े स्तर पर 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने विश्वास जताया कि संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना से विद्यालय ही नहीं बल्कि जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## परीक्षा तिथि से छात्रों में आक्रोश : एनपीयू की स्नातकोत्तर परीक्षा और बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि टकराई

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) की लापरवाही एक बार फिर छात्रों पर भारी पड़ रही है। विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर 2022-24 फाइनल सेमेस्टर परीक्षा 11 सितंबर से प्रस्तावित है। वहीं, 13 सितंबर को बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 71वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा है। यही नहीं, 13 सितंबर को ही एनपीयू ने ईसी-403, 404 और 405 विषयों की परीक्षा निर्धारित की है। इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी दोनों महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से किसी एक से वंचित हो जाएंगे। छात्रों ने विवि प्रशासन से मांग की है कि इस तिथि को 15 सितंबर या उसके बाद निर्धारित किया जाए। छात्रों का कहना है कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक कैलेंडर प्रबंधन में लापरवाही का नतीजा है।

## हत्या के प्रयास में दोषी को 10 साल कैद, 50 हजार का जुर्माना

**मेदिनीनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में पंडवा थाना क्षेत्र के मनीष कुमार शर्मा को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मनीष ने 8 जून 2023 को छिछोरी गांव निवासी कृष्णा राम पर गला रेतकर हमला किया था। गंभीर रूप से घायल कृष्णा को सदर अस्पताल से रांची रेफर करना पड़ा था। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया।

# बूढ़ा पहाड़ से नक्सलियों का साया खत्म करने को पुलिस प्रतिबद्ध: एसपी

**पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सीआरपीएफ अधिकारियों संग लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, जवानों को 24 घंटे सतर्क रहने का निर्देश**



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार (भा.पु.से) ने शुक्रवार को सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट के साथ बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ कैंप, पुनदाग पिकेट और बहेरा टोली पिकेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कैंप की सुरक्षा व्यवस्था, जवानों की सतर्कता, स्थानीय जनता से पुलिस-प्रशासन के तालमेल और लोगों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद सीआरपीएफ व जिला पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि - सीमा क्षेत्र में चौकसी में किसी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं होगी। हर परिस्थिति में 24 घंटे सतर्क रहना है और कर्त्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना है।

### कभी नक्सलियों का गढ़ रहा बूढ़ा पहाड़

बूढ़ा पहाड़ और आसपास का इलाका कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। समाज की मुख्यधारा से भटके लोगों के आतंक के कारण यहां भय का वातावरण था। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। गढ़वा पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयासों तथा जिला प्रशासन की पहल से यह इलाका विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आम नागरिक अब भयमुक्त वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

### जवानों को मिली एसपी की बधाई और चेतावनी

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि - 'आप सभी ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।' साथ ही उन्होंने चेताया कि नक्सल चुनौती अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। इसलिए हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखनी होगी।

### कैंप की सुविधाओं का भी लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक ने बूढ़ा पहाड़ कैंप सहित सभी पिकेट में मौजूद आवासीय व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। जहां-जहां कमी पाई गई, उसे तुरंत दूर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका, 2क्ळ सीआरपीएफ 172 बटालियन, बड़गड़ थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में सीआरपीएफ और जिला पुलिस के पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## परती गांव में मुन्ना गुप्ता की आकस्मिक मौत

**केतार।** थाना क्षेत्र के परती गांव में गुरुवार रात को 40 वर्षीय मुन्ना गुप्ता की आकस्मिक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मुन्ना रात को खाना खाने के बाद सोने गए थे, लेकिन अचानक रात में उनकी मृत्यु हो गई। मुन्ना गुप्ता परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मुखिया मुन्नी देवी, बीडीसी प्रतिनिधि दिनदयाल गुप्ता और अन्य ग्रामीणों ने घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## नगर ऊंटारी में पुलिस की सख्ती: ट्रैफिक जाम व ओवरलोडिंग पर शिकंजा



**● विशेष अभियान में 9 वाहन जब्त, चालकों में मचा हड़कंप, नागरिकों ने की सराहना**

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में ट्रैफिक जाम और ओवरलोडिंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को पुलिस ने कड़ा अभियान चलाया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में एनएच-75 मुख्य मार्ग पर की गई कार्रवाई में 6 टेंपो और 3 कमांडर वाहन जब्त किए गए। इन वाहनों पर आरोप था कि इन्हें मुख्य सड़क पर अवैध रूप से खड़ा कर दिया गया था और ये क्षमता से अधिक सवारी ढो रहे थे। कई वाहन चालकों ने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए वाहन हटाने की कोशिश की, लेकिन सतर्कता के कारण उन्हें रोका गया। थाना प्रभारी ने कहा, ह्लशहर को जाम मुक्त और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता है। यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।ह्व स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

## मनरेगा योजना में बड़ा घोटाला: गाय शेड दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी




**● वेंडर का भंडाफोड़, प्रति शेड 15 हजार रुपए वसूलने का आरोप, ग्रामीणों को पिस्टल से धमकाने तक की बात सामने आई**

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** गढ़वा जिले में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। धुरकी प्रखंड के पंचायत रक्सी में वेंडर द्वारा गाय शेड दिलाने के नाम पर ग्रामीणों से ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वेंडर पर आरोप है कि उसने अब तक लगभग 5 लाख रुपये अवैध रूप से वसूले हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त गढ़वा को दिए आवेदन में बताया कि वेंडर कृष्णा बैठा द्वारा प्रत्येक शेड के लिए 15 हजार रुपये लिए गए। शेड की कोडिंग कर आधा-अधूरा काम छोड़ दिया गया और जब ग्रामीण पैसे की मांग करते हैं तो वेंडर उन्हें अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारने की धमकी देता है। यह सभी योजनाएं वर्ष 2020-21 और 2021-22 की हैं। जानकारी के अनुसार, 2020-21 में लगभग 50 शेड स्वीकृत हुए थे, जिनमें लाखों रुपये की हेराफेरी की गई। वहीं 2023-24 में भी करोड़ों रुपये की सामग्री मद की राशि सीधे वेंडर के खाते में भेजी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना में 60% मजदूरी और 40% सामग्री पर खर्च होना चाहिए, लेकिन धुरकी प्रखंड में यह नियम पूरी तरह उल्टा है। यहां मजदूरों को सिर्फ 10% और वेंडर को 90% राशि दी जाती है। इसमें पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया और बीपीओ की मिलीभगत होने की बात ग्रामीण खुलेआम कर रहे हैं। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने विधानसभा में भी यह मामला उठाया था। उनका आरोप है कि प्रखंड स्तर पर अधिकारी मनरेगा योजना में 50% घूस लेकर वेंडर को लाभ पहुंचा रहे हैं।

## खाद वितरण में हंगामा: सूचना मिलते ही थाना परिसर में उमड़े किसान



**500 बोरी यूरिया पहुंची, आधार सत्यापन की समस्या से नहीं हो सका वितरण**

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** खरीफ फसल की बुआई के बाद अब सिंचाई के लिए किसानों को यूरिया खाद की जरूरत है, लेकिन बाजार से खाद गायब है। शुक्रवार को रमना प्रखंड में खाद की खेप पहुंची तो किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार, प्रखंड में 500 बोरी यूरिया आई थी जबकि मांग इससे कई गुना अधिक थी। भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए खाद वितरण की गाड़ी थाना परिसर में खड़ी करवा दी गई। यहां भी किसानों का हुजूम उमड़ पड़ा। आधार सत्यापन में आई तकनीकी समस्या के कारण वितरण रोकना पड़ा। प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने बताया कि खाद की पर्याप्त आपूर्ति जल्द की जाएगी और किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, अब खाद की कमी नहीं होगी।

## मझिगांव विद्यालय में बच्चों को मिली साइकिल

**'उन्नति का पहिया' योजना के तहत 8वीं के 78 विद्यार्थियों के बीच वितरित हुई साइकिलें**



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बच्चों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से चल रही ह्यउन्नति का पहियाह्ण योजना के तहत शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 8 के कुल 78 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की गई। वितरण कार्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन ने संयुक्त रूप से किया। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। खासकर दूरदराज गांवों से आने वाले बच्चों को पैदल चलने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही यह साइकिल केवल साधन नहीं बल्कि शिक्षा की दिशा में एक सशक्त कदम है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के बच्चों के लिए यह पहल किसी वरदान से कम नहीं है। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ अभिभावक और ग्रामीण भी मौजूद थे।

## यूरिया की किल्लत से किसान बेहाल



**श्री बंशीधर नगर।** धान की फसल के लिए इस समय यूरिया की सबसे अधिक आवश्यकता है, लेकिन जिले में इसकी भारी कमी से किसान परेशान हैं। शुक्रवार को गोसाईबाग मैदान में यूरिया से भरा एक ट्रक पहुंचा, जिसे सात डीलरों के बीच बांटा जाना था। खाद आने की सूचना मिलते ही हजारों की संख्या में किसान मौके पर जुट गए और खाद की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि डीलरों द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है और वास्तविक किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा। स्थिति गंभीर होते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और किसानों को शांत कराया गया। इस दौरान ट्रक चालक भी भीड़ देख ट्रक लेकर फरार हो गया, जिससे किसान बिना खाद लिए वापस लौटने को मजबूर हो गए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही खाद की किल्लत दूर नहीं की गई और पारदर्शी तरीके से वितरण सुनिश्चित नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## आर.के. पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

**मंझिआंव।** आर.के. पब्लिक स्कूल, उचरी (मंझिआंव) में शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाल ही में आयोजित अंतर-सदनीय कराटे प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कनक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य के.आर. झा के साथ विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विजेताओं में अनुराज पांडेय (कक्षा 4अ) और अदिति पांडेय (कक्षा 5 B) शामिल रहे, जिन्होंने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य के.आर. झा ने कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में निदेशक अलख नाथ पांडेय ने भी आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित थे।

## चिनियां में विधायक प्रतिनिधि ने की पहली बैठक

**चिनियां।** गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के चिनियां प्रखंड प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने के बाद जगदीश सिंह ने शुक्रवार को पहली बार भाजपा मंडल कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक से पहले वे कार्यकताओं संग हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर क्षेत्र की शांति की कामना की। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जगदीश सिंह ने कहा कि वे कार्यकताओं की आवाज को अपनी ताकत मानते हैं और क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ विधायक तक पहुंचाकर समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता मुंशी यादव, बनवारी प्रसाद गुप्ता, सुरेश प्रसाद साह, उपेंद्र सिंह, अरुण यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि नए प्रतिनिधि के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा।


**समाहरणालय, लातेहार**
**(योजना शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के पत्रांक 253/जि०यो० दिनांक 08.08.2025 के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत Supply, Installation Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Government ST Residential Girls Primary School Mahuadanr, Latehar में आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निविदा (PR no.- 359206) आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश तिथि एवं समय में निम्नलिखित बदलाव की जाती है।

संशोधित तिथि / समय निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Last Date for Submission of Tender | 29.08.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 2 | Date of Opening of Technical Bid | 01.09.2025 (At 11:00 AM) |
| 3 | Date of Opening of Financial Bid | 01.09.2025 (At 03:00 PM) |

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार

PR 360133 Planning and Development (25-26)_D



**समाहरणालय, लातेहार**
**(योजना शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के पत्रांक 252/जि०यो० दिनांक 08.08.2025 के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत Supply, Installation Testing &Commisioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Kasturba Gandhi Residential Girls School (KGBV) Balumath, Latehar में आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निविदा (PR no.- 359205) आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश तिथि एवं समय में निम्नलिखित बदलाव की जाती है।

संशोधित तिथि / समय निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Last Date for Submission of Tender | 29.08.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 2 | Date of Opening of Technical Bid | 01.09.2025 (At 11:00 AM) |
| 3 | Date of Opening of Financial Bid | 01.09.2025 (At 03:00 PM) |

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार

PR 360132 Planning and Development (25-26)_D



**समाहरणालय, लातेहार**
**(योजना शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

In reference to the Tender **(PR no.- 359476)** Reference No.- 260, Dated: 13.08.2025, Request for Proposal for **"selection of Agency for Supply Installation Testing and Commissioning of Kitchen Equipment as Modular Kitchen at KGBV Latehar Residential School of District Latehar"** certain amendments enclosed as.

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार

PR 360136 Planning and Development(25-26)#D



**समाहरणालय, लातेहार**
**(योजना शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

In reference to the tender **(PR no.- 359477)** Reference No.- 261 Dated: 13.08.2025, Request for Proposal for **"selection of Agency for Supply Installation Testing and Commissioning of Kitchen Equipment as Modular Kitchen at KGBV Garu Residential School of District Latehar"** certain amendments enclosed as.

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार

PR 360137 Planning and Development(25-26).D

# न्यूज बॉक्स

## जनसंघ काल के नेता बृजमोहन भगत का निधन

**चंदवा।** जनसंघ काल के वरिष्ठ नेता बृजमोहन भगत (70 वर्ष) का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें चंदवा सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## आरएसएस मनाएगा अपना 100वां स्थापना दिवस

**चंदवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस वर्ष 2 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर अपना 100वां स्थापना दिवस मनाएगा। चंदवा में सभी स्वयंसेवक गणवेश में पथ संचलन में शामिल होंगे। सुबह 8 बजे प्लस टू हाई स्कूल से पथ संचलन शुरू होकर सुभाष चौक, मुख्य पथ, इंदिरा गांधी चौक होते हुए संघ स्थान पर समाप्त होगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर व्यापक तैयारी चल रही है।

## रेलवे आईबीएच हाउस के समीप करंट की चपेट में आने से दो पशुधन की मौत

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी चेतर के बीच रुद गांव के समीप बिजली करंट की चपेट में आने से किसान छत्रपाल सिंह के दो पशुधन (एक भैंस व एक बकरी) की मौत हो गई। पीड़ित किसान ने बताया कि वह पशुधन को रेलवे लाइन के किनारे चराने ले गए थे। इसी दौरान लाइन से कुछ दूरी पर बने रेलवे इलेक्ट्रिक कंट्रोल हाउस (आईबीएच-11) के समीप दोनों पशुधन जमीन पर दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गए। किसान का कहना है कि आईबीएच हाउस तक बिजली केबल से लाई गई है, संभवतः केबल में लीकेज के कारण विद्युत का प्रवाह जमीन पर हो रहा था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना रेलवे विभाग को दी है।

## इंदिरा गांधी पेंशन योजना का ऑडिट 25 से 28 अगस्त तक

**बालूमाथ।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को इंदिरा गांधी पेंशन योजना से जुड़ी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सोमा उरांव ने की। बैठक में बताया गया कि वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन योजना का ऑडिट 25 से 28 अगस्त तक सभी पंचायतों में किया जाएगा। इस दौरान पेंशनधारियों को पंचायत भवन में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ सत्यापन कराना होगा। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, सचिव, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, बैंककर्मी और ऑडिट टीम मौजूद थे।

## कुष्ठ उन्मूलन अभियान की समीक्षा

**लातेहार।** भारत सरकार के केंद्रीय कुष्ठ प्रभाग की दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को जिले का दौरा कर कुष्ठ उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। टीम ने चंदवा और मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और कुष्ठ रोगियों से मिलकर सुविधाओं की जानकारी ली। केंद्रीय टीम ने सर्वे कार्य को और तेज करने पर जोर दिया और जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. गौतम कुमार, डॉ. शुभांगी, डॉ. निलीमा कुमारी, डॉ. राजेश कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## पंचायत हामी में कांग्रेस का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम सम्पन्न



**महुआडांड़।** प्रखंड के हामी पंचायत में शुक्रवार को कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जिला प्रभारी सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधानसभा सभापति रामचंद्र सिंह और सह प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अभय मिंज और मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन अंसारी ने की। मौके पर पंचायत कमिटी का विस्तार कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष लौरेंस कुजूर, उपाध्यक्ष सतीश तिग्गा व श्याम बिहारी सिंह और महासचिव पद पर जसिंता मिंज, रूहुल अमीन, एडवर्ड किस्पोट्टा, सुमन्ती कुजूर समेत कई अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## गौतम इंटरप्राइजेज दुकान का हुआ उद्घाटन



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा मेन चौक, मांझीपारा रोड स्थित एयरटेल टावर के समीप शुक्रवार को गौतम इंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज साहू ने फीता काटकर किया। दुकान के संचालक गौतम कुमार ने बताया कि यहां जाति, आवासीय, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, पैन कार्ड समेत डिजिटल सेवाएं मिलेंगी। साथ ही सभी बैंकों का लेन-देन (जमा-निकासी) की सुविधा उपलब्ध होगी। मोबाइल उपकरण जैसे चार्जर, हेडफोन, ब्लूटूथ और कवर भी यहां मिलेंगे। छात्र-छात्राओं के लिए जाति और आवासीय बनाने में 50% की छूट और अनाथ बच्चों को निशुल्क सेवा देने की घोषणा की गई। उद्घाटन समारोह में समाजसेवी संतोष यादव, अमलेश यादव, हिरमान यादव, सिकंदर यादव, छोटू नंदन यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड 2025-26 प्रतियोगिता का भव्य समापन



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह स्थित रेलवे क्लब परिसर में गुरुवार को खेलो झारखंड 2025-26 प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। दो दिनों तक चले इस आयोजन में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, कबड्डी, खो-खो और फुटबॉल समेत कई खेलों में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के उत्साह ने पूरे परिसर को ऊर्जा से भर दिया। विशेष रूप से बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर कई मुकाबले जीते। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का जिला स्तर के लिए चयन किया गया। उन्हें मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी बीपीओ जितेंद्र सिन्हा, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनीता खालको, बीआरपी अशोक यादव समेत कई शिक्षक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### लातेहार में जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक

# सीजीएलएम पृथक्करण केंद्र का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन, जल गुणवत्ता परीक्षण, जियो टैगिंग और छूटे घरों को योजना से जोड़ने की प्रगति पर चर्चा हुई। धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

प्रधान सचिव ने कहा कि— "जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार तक शुद्ध व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" उन्होंने चेतावनी दी कि संवेदक और अभियंता कार्य में लापरवाही करेंगे तो कठोर कार्रवाई होगी।

इसके बाद उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय परिसर में सीजीएलएम (क्लीन एंड ग्रीन लातेहार) के द्वितीय पृथक्करण केंद्र और बुनियादी विद्यालय में पृथक्करण मशीन का उद्घाटन किया। साथ ही बहुउद्देशीय भवन स्थित तृतीयक पृथक्करण केंद्र का निरीक्षण किया और दीदियों को मानदेय का चेक प्रदान किया।

बैठक में अभियान निदेशक रमेश घोलप, स्वच्छ भारत मिशन डायरेक्टर मनोहर मरांडी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### यूरिया की किल्लत से बेहाल किसान, प्रशासन से दखल की मांग

# भाजपा नेता रविराज बोले– समय रहते व्यवस्था नहीं हुई तो बर्बाद हो जाएगी फसल



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। करीब 10 हजार किसान यूरिया के अभाव में फसलों को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। खेतों में पीलापन दिखना शुरू हो गया है। भाजपा नेता रविराज ने प्रशासन से मांग की है कि यूरिया की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए, अन्यथा धान और मक्के की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं और यही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि पदाधिकारी और अंचलाधिकारी से अपील की है कि दुकानों और डिस्ट्रीब्यूटर के स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक की जाए ताकि कालाबाजारी पर रोक लग सके।

### महुआडांड़ बाजार में यूरिया खाद की भारी किल्लत

- **कालाबाजारी में 500-600 रुपये में बिक रहा खाद, फसल चौपट होने की आशंका**

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय बाजार में इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। किसान दुकानों का चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें खाद समय पर नहीं मिल पा रहा है। सौदागर अंसारी और जुगल मिंज सहित कई किसानों ने बताया कि धान और मक्के की फसल की ग्रोथ के लिए यूरिया की बेहद जरूरत है, लेकिन बाजार से खाद गायब है। आरोप है कि चोरी-छिपे कालाबाजारी में यूरिया 500 से 600 रुपये प्रति बोरी बेचा जा रहा है। किसानों को आसपास के अन्य प्रखंडों से ऊंचे दाम पर खाद खरीदकर लाना पड़ रहा है। किसानों ने आशंका जताई है कि समय पर खाद नहीं मिलने से धान और मक्के की फसल बर्बाद हो सकती है। खाद दुकानदारों ने बताया कि बाजार में स्टॉक उपलब्ध नहीं है और दाम ज्यादा होने से खरीदारी भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

## झामुमो 24 को केन्द्र सरकार का पुतला दहन करेगी

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जिला इकाई 24 अगस्त को केन्द्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन करेगी। जिला मीडिया प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम पूर्व मंत्री बैजनाथ राम के आवास से रैली के रूप में शुरू होगा और समाहरणालय गेट पहुंचकर पुतला दहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन केन्द्र सरकार के कथित अवैधानिक बिल के खिलाफ किया जा रहा है। इस दौरान झामुमो के सभी पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## फ्रेंड्स क्लब ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**चंदवा।** फ्रेंड्स क्लब चकला के तत्वावधान में करमा पर्व के मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट 25 अगस्त से ग्राम पंचायत चकला स्थित खेल मैदान में शुरू होगा। विजेता टीम को 51,000 रुपये नकद, खस्सी, शील्ड और मेडल दिया जाएगा। पविजेता को 25,000 रुपये नकद सहित पुरस्कार मिलेगा। तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी नकद इनाम और खस्सी दी जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 2100 रुपये प्रवेश शुल्क तय किया गया है।

## दुर्गा पूजा समिति हेरहंज की बैठक सम्पन्न



**हेरहंज।** दुर्गा पूजा समिति हेरहंज की बैठक यदुनंदन प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। बैठक में समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष – बब्लू गुप्ता, उपाध्यक्ष – पिंकू गुप्ता, ललन साहू और पिन्टू गुप्ता, कोषाध्यक्ष – धर्मेन्द्र प्रसाद गुप्ता तथा सचिव – नागेन्द्र प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। साथ ही 11 सदस्यीय कमिटी का भी गठन किया गया।

## लातेहार के दो खिलाड़ी नेशनल बैडमिंटन के लिए रवाना

**लातेहार।** जिले से दो बैडमिंटन खिलाड़ी विशाल उरांव (पुत्र – जीप सदस्य विनोद उरांव) और श्रेयांस राय शुक्रवार को कोची (केरल) में होने वाली नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। दोनों झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। रवाना करते समय कांग्रेस युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व की बात है। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने भी दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की उम्मीद जताई। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और खिलाड़ियों को बधाई दी गई।

## राम जानकी मठ सिंदूवारी में भगवान कृष्ण की छठीहारी मनाई



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिंदूवारी स्थित श्रीराम जानकी मठ में शुक्रवार को भक्ति वेदांत गुरुकुल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की छठीहारी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल आरती से हुई। इसके बाद भगवान को पालकी में स्थापित कर भक्तों ने नाचते-गाते नगर भ्रमण किया। तत्पश्चात भगवान का अभिषेक कर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ। संस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर रासलीला प्रस्तुत की, जिससे वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। अंत में भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के कई जिलों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## मॉडल विद्यालय बालूमाथ में बिजली-पानी की समस्या




**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मकईयाटांड स्थित धाधू रोड पर संचालित मॉडल विद्यालय बालूमाथ में बिजली और पानी की समस्या को लेकर संज्ञान लिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने पत्र लिखकर बताया कि विद्यालय में लगाया गया ट्रांसफार्मर चोरी हो जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली नहीं रहने से समरसेबल चालू नहीं हो पा रहा है, जिससे पानी की भारी किल्लत है। बिजली के अभाव में। सीटी लैब, कंप्यूटर लैब, पंखा, बल्ब और इन्वर्टर बंद पड़े हैं। पानी नहीं मिलने से बच्चों, खासकर बच्चियों को शौचालय उपयोग में दिक्कत हो रही है। एमडीएम योजना के लिए भी रसोइयों को बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। अनीता देवी ने कहा कि— "बालूमाथ का एकमात्र मॉडल विद्यालय होने के बावजूद बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशासनिक उदासीनता से विद्यालय की पहचान धूमिल हो रही है।" उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की अपील की है।


समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के **पत्रांक 256/जि०यो० दिनांक 11.08.2025** के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत **Supply, Installation Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Government ST Residential Boys Middle School Chhipadohar, Latehar** में आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निविदा **(PR no.-359375)** आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश तिथि एवं समय में निम्नलिखित बदलाव की जाती है।

संशोधित तिथि/समय निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Last Date for Submission of Tender | 06.09.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 2 | Date of Opening of Technical Bid | 09.09.2025 (At 11:00 AM) |
| 3 | Date of Opening of Financial Bid | 09.09.2025 (At 03:00 PM) |

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 360135 (Planning and Development) 25-26 (D)



समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के **पत्रांक 246/जि०यो० दिनांक 06.08.2025** के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत **Supply, Installation Testing &Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Kasturba Gandhi Residential Girls School (KGBV) Chandwa, Latehar** में आपूर्ति एवं अधिष्ठापनहेतु निविदा **(PR no.-358988)** आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश तिथि एवं समय में निम्नलिखित बदलाव की जाती है।

संशोधित तिथि/समय निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Last Date for Submission of Tender | 28.08.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 2 | Date of Opening of Technical Bid | 30.08.2025 (At 11:00 AM) |
| 3 | Date of Opening of Financial Bid | 30.08.2025 (At 03:00 PM) |

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case • of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.360131 Planning and Development(25-26):D



समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के **पत्रांक 257/जि0यो0 दिनांक 11.08.2025** के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत **Supply, Installation Testing &Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at Kasturba Gandhi Residential Girls School (KGBV) Barwadih, Latehar** में आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निविदा **(PR no.-359314)** आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश तिथि एवं समय में निम्नलिखित बदलाव की जाती है।

संशोधित तिथि/समय निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Last Date for Submission of Tender | 06.09.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 2 | Date of Opening of Technical Bid | 09.09.2025 (At 11:00 AM) |
| 3 | Date of Opening of Financial Bid | 09.09.2025 (At 03:00 PM) |

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.360134 Planning and Development(25-26):D



समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के **पत्रांक 247/जि०यो० दिनांक 06.08.2025** के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत **Supply, Installation Testing &Commisioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at EMRS Negai Residential School of District Latehar** में आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निविदा **(PR no.- 358985)** आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश तिथि एवं समय में निम्नलिखित बदलाव की जाती है।

संशोधित तिथि/समय निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Last Date for Submission of Tender | 28.08.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 2 | Date of Opening of Technical Bid | 30.08.2025 (At 11:00 AM) |
| 3 | Date of Opening of Financial Bid | 30.08.2025 (At 03:00 PM) |

Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary. In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship) • Registration Certificate • Goods and Service Tax Registration • PAN card of the Organization. • GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

All terms and conditions mention in tender document will remain the same.

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार

PR 360130 Planning and Development(25-26).D

# न्यूज बॉक्स

## नई उत्पाद नियमावली-2025 के तहत ई-लॉटरी सम्पन्न, 11 दुकानें हुई बंदोबस्त



**लोहरदगा।** नई उत्पाद नियमावली-2025 के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। उपायुक्त लोहरदगा एवं अपर समाहर्ता लोहरदगा के निदेशन व पर्यवेक्षण में संपन्न हुई इस प्रक्रिया में कुल 11 दुकानों का 5 समूहों में विभाजन कर बंदोबस्ती की गई। ई-लॉटरी के लिए कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें समूह-01 से हरिओम शिवहरे, समूह-02 से सीता देवी, समूह-03 से गुंजन कुमार गोयल, समूह-04 से ओमप्रकाश साह और समूह-05 से योगेंद्र जायसवाल का चयन किया गया। सरकार को इन दुकानों से प्राप्त होने वाले वार्षिक राजस्व का लक्ष्य 26.29 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 16.03 करोड़ रुपये राजस्व लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, आईटी मैनेजर अरुण कुमार साह एवं उत्पाद विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## कुडू इलाके में झुंड से बिछड़े हाथी का तांडव, आधा दर्जन घरों को बनाया निशाना

**कुडू।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के नवाटोली गांव में एक बार फिर झुंड से बिछड़े एक हाथी ने तबाही मचाई है। शुक्रवार तड़के सुबह करीब 4 बजे हाथी ने अचानक गांव में धावा बोल दिया और कई घंटों तक उत्पात मचाते रहा। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक कच्चे मकान और फसलों को नुकसान पहुंचाया। घटना से पूरे गांव में अफरा - तफरी मच गई। गांव वालों ने बताया कि अचानक हाथी धान और मक्का के खेतों को रौंदते हुए आबादी क्षेत्र में घुस आया। देखते ही देखते उन्होंने कई घरों को तोड़ दिया। स्थानीय निवासी बसन्त उरांव का घर, अल्बुश मिंज का दीवार और लालदेव उरांव और प्रताप ठाकुर के घर मे लगे लोहे के दरवाजे को तोड़ दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रखण्ड प्रशासन से त्वरित राहत और मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि हाथियों के हमले की घटनाएं आए दिन हो रही हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है।

## बड़की चापि दुर्गा मंदिर में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण भगवान की छठी

**कुडू।** प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापि स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार को श्रीकृष्ण भगवान का छठी उत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संतोष पांडेय ने विधिवत बाल गोपाल की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात भक्तों ने भक्ति गीत गाए, हरि कीर्तन किया और प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर भूपाल पाठक ने कहा कि कई वर्षों से इस मंदिर में श्रीकृष्ण भगवान की छठी उत्सव परंपरागत रूप से मनायी जा रही है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भक्तिभाव से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजेश सिंह, भूपाल पाठक, अतुल पाठक, यदुनंदन तिवारी, पुरन साहू, बिनोद सिंह, लाल अशोक नाथ शाहदेव, भूषण प्रसाद, आनंद कुमार सिंह, नीलकमल तिवारी, आदित्य गुप्ता, मुकेश साहू, केदार प्रजापति, पप्पू कुमार, लाल गौरीशंकर, सुभाष यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डिजिटल भुगतान पंचायत भवन से करने को लेकर जनप्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

**भंडरा।** पंचायती राज विभाग के द्वारा डिजिटल पंचायत योजना के तहत सभी डिजिटल भूगतान पंचायत भवन से करने का निर्देश प्राप्त है। उक्त के आलोक में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे मनरेगा एव 15 वे वित्त आयोग योजना अन्तर्गत डिजिटल भूगतान हेतु प्रखंड के सभी मुखिया व पंचायत सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे मास्टर ट्रेनर बीपीओ अभिषेक किशोर,प्रखंड एव प्रखंड समन्वयक मनीष कुमार अग्रवाल के द्वारा मनरेगा तहत मजदुरी भुगतान एव सामाग्री भुगतान की पूरी प्रक्रिया तथा 15 वे वित्त योजनाओं में मुखिया एव पंचायत सचिव द्वारा डिजिटल भूगतान की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया गया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर ने बताया की पंचायती राज मंत्रालय, डिजिटल इंडिया पहल के हिस्से के रूप में ई ग्रामस्वराज और पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम को एकीकृत करके पंचायत स्तर पर डिजिटल लेनदेन को सक्षम बना रहा है, जिसके लिए प्रतिनिधियों को भुगतान प्रक्रिया में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह योजना पंचायतों को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने, योजनाओं के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और वास्तविक समय में विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को भुगतान करने में मदद करेगा। इस मौके पर मुखिया परमेश्वर महली, सुमंती तिग्गा, टेले उरांव, ममता कुमारी, कइली उरांव, धनेश्वरी उराँव, पंचायत सचिव महिपाल भगत, अलोक लकड़ा, अभिजीत भगत, अजय उरांव, आशीष लकड़ा, रेखा उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष को पदमुक्त करने का निर्णय पूर्णतया अवैध : रितेश

**लोहरदगा।** विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार ने बयान जारी कर कहा कि सोशल मिडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से पता चला कि कथित श्रीराम समिति की कोर समिति का बैठक कर श्रीराम समिति अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष को अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए पदमुक्त करने का एकतरफा निर्णय लिया गया, जबकि बैठक में 30 से 35 सदस्य और 5 कथित कोर समिति सदस्य उपस्थित थे। हम सभी जानते है कि किसी भी संगठन द्वारा इतना गम्भीर निर्णय लेने से पहले आम बैठक हेतु 15 दिन पहले सूचना करना आवश्यक होता है एवं साथ ही साथ आम बैठक में कम से कम 30 से 35 प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति भी अनिवार्य होती है। साथ ही साथ यदि समिति के कोई भी सदस्य या पदाधिकारी अनुशासनहीनता करती है या नियमावली विरुद्ध कार्य करता है तो उसे सर्वप्रथम कारण बताओ नोटिस जारी होने चाहिए ततपश्चात जवाब से असंतुष्ट होने पर ही अनुशासनात्मक कारवाई का निर्णय किया जा सकता है। अब सवाल यह है कि क्या श्रीराम समिति के चार -पांच कथित कोर समिति सदस्य संगठन से ऊपर हैं, जो नियमावली को ताक में रखकर समाज के वरिष्ठ अभिवावको को विश्वास में लिए बिना इतना बड़ा निर्णय कैसे ले सकती है?

## बरवाटोली दुर्गा पूजा समिति की बैठक रमेश कुमार साहू 11वीं बार बने अध्यक्ष

**लोहरदगा।** नव युवक संघ बरवाटोली दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक समिति भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वरचित तमेड़ा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से लगातार 11वें वर्ष रमेश कुमार साहू को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें आलोक साहू (हन्नी) कार्यकारी अध्यक्ष, दीपक साहू महासचिव, गौरव अग्रवाल सचिव, उज्ज्वल आनंद कोषाध्यक्ष, कुशल कुमार मित्तल सह-कोषाध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निखिल गर्ग, पिंटू साहू, रामसागर राम और नितेश साहू को दी गई। संरक्षक मंडल में डॉ. गणेश प्रसाद, अजय कुमार मित्तल, सर्वजीत तमेड़ा, शंभु साहू, वीरेन्द्र साहू, अवधेश अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल (गुडु), सुनील अग्रवाल, सरोज प्रजापति, किशोर तमेड़ा, महेंद्र प्रजापति, संदीप मिश्रा, दीपक अग्रवाल (दीपू), प्रदीप गुप्ता, गुडु तमेड़ा शामिल रहे। सदस्य पद पर विक्रम सिंह, शुभम तमेड़ा, प्रवीण ठाकुर, कार्तिक साहू, पीयूष तमेड़ा, विवेक सिंह, संभव तमेड़ा, कार्तिक सिंह, देवराज सिंह, कुंदन सिंह, प्रिंस साहू, पृथ्वी तमेड़ा, निखिल कुमार, हिमांशु साहू, गोपी साहू, मयंक अग्रवाल, सोनू साहू, प्रिंस तमेड़ा समेत अन्य युवाओं को जोड़ा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि समिति हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य और व्यवस्थित रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन करेगी।

### बहुरेंगे स्वास्थ्य विभाग के जर्जर भवनों के दिन

# 24 घंटे में अंदर मांगी गई रिपोर्ट, प्रशासन सख्त

- कुडू से लेकर जिले भर के स्वास्थ्य केंद्रों में उम्मीद की किरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू/लोहरदगा।** जिले के जर्जर स्वास्थ्य भवनों की दशा जल्द बदलने वाली है। जिला प्रशासन ने इस मामले पर सख़्ती दिखाते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से 24 घंटे के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की वर्तमान स्थिति का विवरण फोटो सहित जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाए, ताकि आगे विभागीय कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है कि कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। बरसात के दिनों में छत टपकना, दीवारों से सीलन झरना, ओपीडी, पर्ची काउंटर और वैक्सीन हाउस में अव्यवस्था आम बात हो गई है। स्वास्थ्यकर्मियों के आवास भी खस्ताहाल हैं। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जगी है कि रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही जीर्णोद्धार या नए भवनों का निर्माण शुरू होगा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

## वृद्धा पेंशन के लिए पंचायत स्तरीय शिविर 25 व 26 अगस्त को

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो पंचायत भवन में वृद्धा पेंशन योजना के लिए 25 अगस्त, दिन सोमवार और 26अगस्त, दिन मंगलवार को पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।मुखिया वीरेंद्र महली व पंचायत सचिव पवन कुमार ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिले।पेंशन योजना का लाभ जारी रखने के लिए सभी लाभुकों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) बनवाना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन कि ओर से सभी लाभुकों से डीएलसी बनवाने की अपील की गई है ताकि भुगतान में कोई रुकावट न हो। जिन लाभुकों का नाम आधार सीडिंग लिस्ट में है, उन्हें आधार एवं मोबाइल नंबर जमा कराना जरूरी है, अन्यथा अभी चल रहा पेंशन भविष्य में बंद हो सकता है।

### बीडीओ ने किया खाद बीज दुकान का निरीक्षण

## खाद व बीज की कीमत संबंधी बोर्ड लगाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने शुक्रवार को प्रखंड के खाद बीज दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान में खाद व बीज की कीमत संबंधी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। किसानों को सही कीमत में यूरिया खाद व बीज आदि विक्रय करने को कहा. इस क्रम में बीडीओ ने दुकान में उपलब्ध खाद, बीज, स्टॉक पंजी, बिक्री पंजी, मूल्य तालिका, पॉश मशीन का निरीक्षण भी किया. उन्होंने दुकानदार को बगैर आधार कार्ड के खाद बिक्री नहीं करने को कहा. जिससे इसकी कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके. उन्होंने निर्देश दिया कि सभी खाद-बीज दुकानदार अपने दुकान की लाइसेंस की कॉपी दुकान में रखें. जिससे कोई भी पदाधिकारी निरीक्षण के क्रम में उसका अवलोकन कर सकें. बीडीओ ने निरीक्षण के क्रम मे प्रखंड के कुम्हरिया स्थित उमंग बीज भंडार एवं बीरबल साहू बीज भंडार की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमे दोनों दुकान मे वितरण पंजी व स्टॉक पंजी, प्राप्ति बीज आदि काजगत नहीँ पाया गया। इस पर बीडीओ ने दोनों दुकान पर करवाई की अनुशंसा करते हुऐ जिला कृषि कार्यालय को रिपोट किया है। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी नवप्रभात भगत, सुमित जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई कान्हा जी की छठी उत्सव

**लोहरदगा।** बरवाटोली अग्रसेन पथ स्थित खुशबू अग्रवाल के गृह प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छह दिन बाद मनायी जाने वाली कान्हा जी की छठी पर विशेष आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार इस अवसर पर बाल गोपाल का स्नान कर उन्हें नये वस्त्र पहनाए गये तथा प्रिय भोग अर्पित किया गया। महिलाएं व श्रद्धालु भक्तजन राधा-कृष्ण एवं बाल गोपाल का श्रृंगार कर भक्ति गीत व संगीत की प्रस्तुतियों में शामिल हुए। छठी उत्सव में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण से आशीर्वाद की कामना की।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Notice**

**e-NIT No. 338/PR/ JUSNL/ 2025-26**

e-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part –I) and Price Part (Part –II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Procurement of electrical equipment material for 132/33 kV GSS Garhwa Road. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.2500 + SGST@9% +CGST@9%= Rs. 2950.00 |
| Earnest Money Deposit | Rs.25,000.00/- (Rupees Twenty Five Thousand) only. |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 23.08.2025 at 02:00 PM to 15.09.2025 up to 03:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 23.08.2025 at 02:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 15.09.2025 up to 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 16.09.2025 at 03:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 360182 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - RE-01/ 2025-26 (3rd[nd] Call)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयां में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2 | 5 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम मांतग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 3 | 27 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम बसंतपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 4 | 29 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम रजडेरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 5 | 33 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयो लावाबार में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 6 | 34 2nd Call | पलामू जिला के प्रखंड मेदिनीनगर के पंचायत कोड़िया के ग्राम चुकरू परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **25.08.2025** (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **25.08.2025** ( **अपराह्न 5:00 बजे से** दिनांक **31.08.2025** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **02.09.2025** अपराह्न 5:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 360193 Rural Development(25-26).D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-09/2025-26 (2[nd] Call)**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता/अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित विद्युत सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 02.09.2025 को समय 2:00 बजे अपराहन् तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Light Name | Item name | Dimention | Capacity |
|---|---|---|---|---|
| 01 | High Mast Light | LED PCB Plate | 182 X 217 MM | 200 Watt |
| 02 | | Driver | - | |
| 03 | | LED PCB Plate | 155 X 150 MM | 150 Watt |
| 04 | | Driver | - | |
| 05 | Street Light | LED PCB Plate | 165 X 175 MM, 265 X 270 MM & 225 X 300 MM | 120 Watt |
| 06 | | Driver | - | |
| 07 | | LED PCB Plate | 45 X 255 MM | 70 Watt |
| 08 | | Driver | - | |
| 09 | Wire Aluminum | | - | 2.5 Sqmm |
| 10 | | | - | 4 Sqmm |
| 11 | PVC Tape | | - | - |
| 12 | MCB | | - | 10 Amp SP MCB |
| 13 | | | - | 32 Amp SP MCB |
| 14 | Pendent Switch | | - | 06 Amp |

निविदा शर्तेः–
1. आपूर्तिकर्ता को उक्त निविदा में भाग लेने हेतु **रू0 1000/– (एक हजार)** की निविदा राशि एवं **रू0 10000/– (दस हजार)** अग्रधन की राशि **डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर** के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। सभी सामग्री की आपूर्ति उपरांत अग्रधन की राशि एक माह के अंदर वापस की जायेगी। निविदा शुल्क वापस नही किया जायेगा।
2. कोटेशन में निम्न दस्तावेज को अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। (क) सामग्रियों का कैटलॉग (ख) आयकर रिर्टन (ग) पैन नम्बर (घ) GST Registration (ड) ISO Certificate (च) Electrical Contractor License (छ) अद्यतन GSTN Return (Last Quarter or Last 03 Month) & GST Registration Certificate (ज) अद्यतन आयकर (ITR Last 3 AY) (झ) अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत)
3. वित्तीय लिफाफे में आपूर्ति की जाने वाले सामग्रियों से संबंधित दर (सभी करों सहित) अंकित करना अनिवार्य होगा। सामग्रियों की वारंटी एक वर्ष की होगी। न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश के समय राशि का 5% जमानत के रूप **डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर** के नाम में जमा करना अनिवार्य होगा जो एक वर्ष के वारांटी/गारांटी समाप्ति के उपरान्त ही जमानत की राशि वापस की जायेगी।
4. कोटेशन में दर प्रति अदद के हिसाब से उल्लेखित करना अनिवार्य होगा एवं सभी सामग्री मानक कंपनी के द्वारा ISI अथवा ISO प्रमाणित होना चाहिए।
5. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा आंशिक रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
7. सामग्रियों की आपूर्ति नगर परिषद्, बिश्रामपुर में करना होगा। इसके लिए कोई भी परिवहन भत्ता अलग से देय नही होगा तथा होने वाले टूट–फुट अथवा क्षति की जवाबदेही आपूर्तिकर्ता की होगी।
8. कार्यादेश निर्गत की तिथि से पन्द्रह (15) दिन के अंदर उक्त कार्य को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
9. न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश निर्गत के पूर्व सामानों का एक–एक नमूना कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
10. उपर्युक्त सामग्रियों की संख्या में आवश्यकतानुसार बढोतरी/कम की जा सकती है। जिसके लिए अलग से कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
11. O&M सेवा सुलभ रूप से प्राप्ति हेतु स्थानीय आपूर्तिकर्ता/एजेंसी/Authorised Dealer को प्राथमिकता दी जायेगी।
12. उपर्युक्त कोटेशन को किसी भी समय कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर को होगा।
13. सभी आपूर्ति की गई सामग्री जाँचोपरांत संतोशजनक पाये जाने पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. उक्त कार्य का भुगतान विभाग द्वारा उपरोक्त कार्य हेतू प्राप्त आवंटन के आलोक में किया जायेगा। एवं अंकित दर से अधिक भुगतान नही किया जायेगा एवं नियमानुसार कटौती की जायेगी।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 360155 District(25-26).D



**कार्यालय :– कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू – 822101**

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड(कृषि प्रभाग)**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**सामयिक सूचना अंक – 05/2025–2026**

प्रिय किसान बंधुओं,

वर्तमान खरीफ मौसम में धान हमारा मुख्य फसल है। इस वर्ष वर्षा भी ससमय एवं लगातार हो रही हैं। लगातार वर्षा होने के कारण फसल में बीमारी लगने की सम्भावना भी अधिक हो जाती है। इसलिए खड़ी धान फसल में कीट एवं व्याधियों के प्रकोप से बचाव हेतु निम्नलिखित सुझाव दिये जा रहे हैं :–

1. खेतो में लगे फसलों की नियमित निगरानी करें।
2. संतुलित खाद का प्रयोग करें।
3. मित्र कीटों का संरक्षण जैसे – मकड़ी, ततैया, भौंरा, ड्रैगन फ्लाई (तितली), चिड़ियाँ, मेढ़क, वाटर स्ट्राइगर, सर्प, एवं मिट्टी में उपस्थित सुक्ष्मजीवों का संरक्षण करें।
4. चिडियों को बैठने के लिए खेतो में जगह–जगह T आकार का बाँस का पट्टियाँ गाड़े।

धान फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं नियंत्रण के उपाय :–

(1) तना छेदक/धड़ छेदक – इस कीट के पिल्लू पौधों के सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुचाते हैं। नवजात पिल्लू पत्ती के उत्तकों को खाते हुए गाँठ के पास तना में प्रवेश कर तने के मुलायम भाग को खाने लगता है जिसके कारण गभ्भा सूख जाता है। जिसे आसानी से खींच कर बाहर निकाला जा सकता है।
कार्टाप हाईड्रोक्लोराईड 4G (25 kg/हे0) या फोरेट 10G (10 kg/हे0) या कार्बोफ्यूरान 3G (30 kg/हे0) दानेदार दवा बालू में मिलाकर भुरकाव करें।

(2) दीमक – यह कीट रात्रि में ज्यादा सक्रिय रहता है इस कीट का आक्रमण पौधों की सभी अवस्थाओं में होता है। यह पौधों की जड़ों या तना के आधार भाग को खाकर खोखला कर देता है। क्लोरोपायरीफॉस धूल 10 कि0ग्रा0 प्रति एकड़ की दर से बालू में मिलाकर भुरकाव करें।

(3) भूरा मधुवा और थ्रीप्स (रस चूसने वाला कीट) – यह कीट पौधों के आधार पर रह कर पौधों के धड़ से रस चूसते हैं। जबकि थ्रीप्स पत्तियों का रस चूसकर नुकसान पहुचाता है जिससे धान की पत्तियाँ सुख कर खेत जली हुई दिखाई पड़ती है।
इमिडाक्लोप्रिरिड 17.8% या ऑक्सीडेमेटोन मिथाईल 25% या रसायन (1-2ml/litre) पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

(4) गंधी बग – इस कीट का व्यस्क लम्बा, पतले व हरे–भूरे रंग का उड़ने वाला होता है। इसके व्यस्क एवं शिशु दूधियाँ दानों को चूसकर हानि पहुँचाता है। इस कीट के दुर्गंध से इसकी उपस्थित का पता लग जाता है।
मिथाईल पाराथियान 2% धूल 8 कि0ग्रा0 प्रति एकड़ के दर से भुरकाव करें।

(5) बकया कीट – व्यस्क कीट छोटे होते है एवं इनका रंग सफेद होता है । इस कीट का आक्रमण मुख्यत: छोटे पौधे पर खास कर देर से रोपनी होने पर अधिक होता है। इस कीट का शिशु अपने शरीर के चारों ओर पत्ती को लपेट कर खोल बना लेती है तथा उसी में रहकर पत्ती काट कर खाती है। आक्रांत फसल दूर से ही सफेद नजर आते है।

नियंत्रण : आक्रांत खेतों में 4-5 दिनों तक पानी निकाल देना चाहिए। किनोलफॉस 1-5% धूल या मिथाईलपाराथियॉन 2% धूल का भुरकाओ 10 कि०ग्रा० प्रति एकड़ की दर से करना चाहिए। कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 5 SP का 1-1.5 कि०ग्रा०प्रति हेक्टेर की दर से छिड़काव करना चाहिए।

धान फसल में लगने वाले प्रमुख बिमारियाँ एवं नियंत्रण के उपाय :–

(1) झुलसा या ब्लास्ट – इस रोग का आक्रमण मुख्य रूप से पत्ती एवं बाली की गर्दन पर होता है। पत्तियों पर नाँव या आँख के आकार का भूरा धब्बा बनता है। इस रोग का आक्रमण गाँठ पर होने से टूट जाता है। गर्दन भाग ग्रसित होने पर बाली दूर से ही झुकी दिखाई देती है।
ट्राईसाइक्लाजोल 75% या एडिफेनफॉस 50% प्रति लिटर की दर से छिड़काव करें।

(2) पत्रलांछन या भूरा धब्बा – पत्तियों एवं दानों पर गोल से अंडाकार गहरे भूरे रंग के धब्बे इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।
मैन्कोजेब 75% या कॉपर ऑक्सीक्लोराईड 50% (2-3 gm/litre) की दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

(3) आभासी कंड – इस रोग का आक्रमण धान की बाली पर होता है जिससे रोगग्रस्त दाने के अन्दर कवक अंडाशय को एक बड़े हरे मखमली रूप में बदल देता है जिसके कारण धान आकार से करीब दुगुना हो जाता है, जिसे किसान भाई लावा फुटना कहते हैं।
ब्लाईटॉक्स 50% या प्रोपीकोनाजोल 25% (2gm/litre) की दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

(4) धड़सड़न – इस रोग का लक्षण तना एवं पर्णच्छेद पर पानी की सतह के पास काले भूरे रंग के धब्बे के रूप में दिखाई पड़ता है। इंडोफिल M45 (2gm/litre) या थायोफुनेट मिथाईल (2ml/litre) की दर से छिड़काव करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,पलामू।

PR 360165 Agriculture(25-26)D

## न्यूज बॉक्स

### बामदा में लोकपाल ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, काम में तेजी लाने का निर्देश



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड की बामदा पंचायत में, लोकपाल सहवान शेख ने मनरेगा के तहत चल रही सभी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने विशेष रूप से बामदा के पकनी, जयरागी और चन्दगो गाँवों में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर कांति कुमारी, बामदा पंचायत के मुखिया सीताराम मुंडा, कनीय अभियंता संदीप तिवारी और संजय उरांव, सहायक अभियंता सुमित खलखो और रोजगार सेवक अर्जुन मंडल भी मौजूद थे। लोकपाल सहवान शेख ने योजनाओं की भौतिक जांच कर काम की गुणवत्ता परखी और अधिकारियों एवं लाभार्थियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। लोकपाल ने पंचायत के मुखिया सीताराम मुंडा से बामदा को एक मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को बाहर काम करने से रोकने के लिए उनका जॉब कार्ड बनाया जाए और पलायन की समस्या को कम किया जाए। शेख ने मुखिया को बताया कि विकास कार्यों के लिए 5 लाख तक की लागत वाली योजनाओं को मनरेगा के तहत मंजूरी दी जा सकती है। उन्होंने बीपीओ कांति कुमारी को निर्देश दिया कि बामदा पंचायत से आने वाली मनरेगा योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए ताकि इसे एक उदाहरण के रूप में पेश किया जा सके।

### 'पोषण भी, पढ़ाई भी' अभियान से आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिली नई दिशा

**भरनो।** भरनो प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में "पोषण भी, पढ़ाई भी" अभियान के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह प्रशिक्षण 21 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक दो सत्रों में संचालित होगा। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं को एमसीपी कार्ड, नवचेतना प्रारंभिक बाल्यावस्था उत्प्रेरण सहित पोषण, शिक्षा एवं बाल विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, महिला पर्यवेक्षिका उर्मिला जयसवाल और सुमन देवी ने निभाई। इस अवसर पर सेविकाओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि वे अपने-अपने केंद्रों पर बच्चों की देखभाल और शिक्षा में और भी बेहतर योगदान दे सकें। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

### ठनका गिरने से वृद्धा की मौत, मवेशी चराने गई थी गांव के बाहर

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के जुर्मु में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब आकाशीय बिजली गिरने से 70 वर्षीय वृद्धा बीरतीला तिर्की की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वे गांव के बाहर अपने मवेशियों को चराने गई थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर के समय मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आकर बीरतीला तिर्की की मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना प्रशासन और मुखिया को दी।घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया है। गांव के मुखिया प्रदीप मिंज ने बताया कि घटना की जानकारी ली , ताकि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके।इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक मदद प्रदान की जाए।

### घाघरा पुलिस ने अवैध रूप से ले जा रहे चार मवेशी को किया जब्त

**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के देवाकी पीठवर टोली के समीप अवैध रूप से तस्करी के लिए हांक कर ले जा रहे चार पशु को घाघरा पुलिस ने जब्त किया है। बता दें कि विगत कई वर्षों से पशु तस्कर पुलिसिया कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से समूह में पशु को खेदकर अपने गंतब्य को ले जाने या वाहनों से पशु को ले जाने में जोखिम के ख्याल से दो दो मवेशियों को खेदकर ले जाने का काम करते है। इधर पुलिस ने चार मवेशियों को जब्त तो किया लेकिन पशु हाँककर ले जा रहे लोग पुलिस को देख भागने में सफल रहे। घाघरा पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पशु तस्करी के आरोप में घाघरा थाने में प्राथमिकी दर्ज की है।

### बरगांव सोंगरा में पांच बड़े बकरियों की चोरी

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के बरगांव सोंगरा गांव निवासी संजय राम का तीन और छोटेलाल राम का दो खस्सी को गुरुवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने गौशाला घर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। पीड़ित किसान संजय राम ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि बेटी की शादी के लिए खस्सी को रखा था। बकरी चोरी हो जाने से किसान को भारी नुकसान हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि गुरुवार को सुबह से ही बारिश होने के कारण दोपहर 2 बजे सभी बकरियों को घर के अंदर रखा था। रात्रि 8 बजे के लगभग गौशाला का दरवाजा को बंद कर सोने के लिए चला गया। रात्रि एक बजकर 30 मिनट के आस पास बकरियों का जोरदार हल्ला करने का आवाज सुनकर उठा और देखना चाहा परन्तु चोरों ने घर का निकासी दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। दूसरा दरवाजा से बाहर निकलने तक चोर चार पहिया वाहन में बकरी को लेकर सिसई की ओर भाग गए। हो हल्ला करने के बाद परिवार के अन्य लोग बाहर निकले। इन दिनों सिसई थाना क्षेत्र में चोरी और नशा खोरी की घटना बढ़ गई हैं। यदि इस पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई नहीं करती है। तो आए दिन किसानों को भारी नुकसानों का सामना करना पड़ेगा।

### चलती स्कूटी का हैंडल लॉक, सड़क पर गिरे चार लोग, दो मासूम बच्चे गंभीर

**गुमला।** गुमला-पालकोट रोड स्थित बघिमा टुकुटोली के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब चलती स्कूटी का अचानक हैंडल लॉक हो गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हैं। जानकारी के अनुसार, स्कूटी चला रहे प्रीतम उरांव अपनी पत्नी सनियारों कुमारी और बच्चों-6 वर्षीय अभिषेक उरांव तथा ढाई वर्षीय अभिमन्यु उरांव के साथ मलई पालकोट स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया और सभी सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल एंबुलेंस द्वारा सदर अस्पताल गुमला पहुँचाया गया, जहां चारों का इलाज जारी है। बताया गया कि अभिषेक और अभिमन्यु को ज्यादा चोटें आई हैं। परिवार हाल ही में सेमरडीह गांव, जो कि सनियारों कुमारी का मायका है, वहाँ गया हुआ था और लौटते वक्त यह हादसा हुआ।

### 'खेलो झारखंड' प्रतियोगिता का सफल समापन, युवाओं ने दिखाया जोश व प्रतिभा

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के थाना मैदान में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय 'खेलो झारखंड 2025-26' प्रतियोगिता का गुरुवार को सफल समापन हुआ। इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग अंडर-14, 17, 19 के युवाओं ने फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, और एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के पहले दिन, बरवे उच्च विद्यालय, चैनपुर में फुटबॉल और हॉकी के मुकाबले हुए, जबकि लूथरन उच्च विद्यालय, चैनपुर ने कबड्डी और खो-खो की मेजबानी की। दूसरे दिन, शुक्रवार को एथलेटिक्स का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 500 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर और 4x100 मीटर की दौड़ शामिल थी। इसके अलावा, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्र फेंक, भाला फेंक और वॉलीबॉल जैसे खेलों में भी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर किया।

---

### एनएचएआई से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक

# डीसी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। बताया गया कि जिले में फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी 4 प्रमुख योजनाएं तथा राजकीय राजमार्ग से संबंधित 11 योजनाएं संचालित हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग योजनाओं में एनएच-23 पलमा-गुमला चौड़ीकरण, एनएच-143डी जामटोली-रांची-संबलपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर, भारत माला परियोजना के तहत छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर से गुमला तक एनएच-43 का निर्माण, तथा रायडीह-गुमला मार्ग पर बाइपास निर्माण शामिल हैं। इसी प्रकार, राजकीय राजमार्गों के अंतर्गत कोनसा-बकसपुर, पुत्रीटोली-डोलंगसेरा, सिसई-लापुंग, कोचेडेगा-रामरेखा, रोकेडेगा-बिलिंगबीरा, रामपुर-कदमडीह, गुमला-बांसडीह, डुमरी-बड़ाकटरा भाया कोराकोना-छत्तीसगढ़ बॉर्डर समेत कई मार्गों के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य प्रगति पर हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी रैयतों को अविलंब मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। साथ ही एनएच-23 पलमा-गुमला मार्ग तथा भरनो सर्विस रोड के कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया। भू-अर्जन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि एनएच-43 से प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी जन शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जाए और सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से आमजन तक पहुंचे। बैठक में जिला भू-अर्जन कार्यालय के अधिकारी, एनएचएआई प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं व आवश्यकताओं को सामने रखा। रायडीह प्रखंड की एक महिला ने बताया कि उनके पति प्रसाद साहू की हत्या 18 फरवरी 2025 को उग्रवादियों द्वारा कर दी गई थी। पति की मृत्यु के बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। महिला ने अपने चार बच्चों के पालन-पोषण व जीविकोपार्जन के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना और रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। उनकी व्यथा सुनकर उपायुक्त ने मानवीय संवेदना व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। घाघरा निवासी एक अन्य आवेदक ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें पीएम जनमन आवास योजना का लाभ मिला है और वे अपने भू-खण्ड पर मकान बना रहे थे। लेकिन 13 अगस्त 2025 को वन विभाग ने बिना पूर्व सूचना उनके निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया। पीड़ित ने क्षतिपूर्ति और मुआवजा राशि की मांग की। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जमीन विवाद, सामाजिक पेंशन, करम पर्व हेतु राशि, रोजगार सहायता समेत कई मुद्दों पर भी आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने कहा कि सभी मामलों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से किया जाए, ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण संभव हो सके।

---

### भरनो में पदाधिकारियों का औचक निरीक्षण

## स्कूल शिक्षक व आंगनबाड़ी सेविका पर गिरी गाज, पीडीएस व स्वास्थ्य केंद्र संतोषजनक पाए

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो।** एलआरडीसी गुमला राजीव कुमार, भरनो बीडीओ अरुण कुमार सिंह और सीओ अविनाश कुजुर ने शुक्रवार को भरनो प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय समसेरा में प्रभारी एचएम और एक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। बीडीओ ने बताया कि दोनों को शोकॉज नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं, समसेरा करंजटोली आंगनबाड़ी केंद्र में पंजी संधारित नहीं पाया गया और बच्चों को मिलने वाला पोषाहार भी संतोषजनक नहीं रहा। साथ ही बिजली कनेक्शन नहीं होने की शिकायत पर सेविका को भी शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, भरनो बस्ती स्थित बबिता देवी की पीडीएस दुकान और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भरनो जांच में संतोषजनक पाए गए। निरीक्षण टीम ने समसेरा जामटोली गांव में अबुवा आवास योजना के एक लाभुक को कड़ी फटकार लगाई। लाभुक द्वारा आवास का पैसा लेने के बावजूद कार्य पूरा नहीं किया गया था। अधिकारियों ने उसे अविलंब आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया।

---


## जिला परिवहन कार्यालय गढ़वा

**वाहन स्वामियों/चालकों के लिए आवश्यक सूचना।**

गढ़वा जिला अन्तर्गत परिचालित सभी वाहनों के वाहन स्वामियों/चालकों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम– 119 के अन्तर्गत सभी मोटरवाहनों में AIS 014 एवं Bureau of Indian Standard द्वारा निर्धारित विशिष्टता के अनुरूप Horn लगाने का प्रावधान किया गया है फिर भी वाहन स्वामियों/चालकों द्वारा केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989, के नियम–119 का उल्लंघन करते हुए Pressure Horn & Multi Toned Horn का प्रयोग किया जा रहा है जिससे आम नागरिकों को ध्वनि प्रदूशण जनित समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

अतः सभी वाहन स्वामियों/चालकों को निदेशित किया जाता है कि सूचना प्राप्ति के तुरंत बाद अपने मोटर वाहनों में AIS 014 एवं Bureau of Indian Standard द्वारा निर्धारित वि  श्टता के अनुरूप ही लगाना सुनिश्चित करेंगे।

सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह बाद सघन वाहन जॉच अभियान के दौरान मोटर वाहनों में Pressure Horn & Multi Toned Horn के साथ पकड़े जाने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम – 1988 की धारा 194 (f) के प्रावर्धनान्तर्गत आव   यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.360161 Transport(25-26):D



## समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

**शुद्धि पत्र**

In reference to the Tender **(PR no.- 359708)** Reference No.- 279, Dated: 18.08.2025, Request for Proposal for **"selection of Agency for Supply Installation Testing and Commissioning of Kitchen Equipment as Modular Kitchen at KGBV Manika Residential School of District Latehar"** certain amendments enclosed as.

**Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI<br>The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary.<br>In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship)<br>• Registration Certificate<br>• Goods and Service Tax Registration<br>• PAN card of the Organization.<br>• GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

**All terms and conditions mention in tender document will remain the same.**

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 360138 (Planning and Development) 25-26 (D)



## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar

**Corrigendum**

In-Published E-Tender Notice No-143/PR/JBVNL/2025-26/O&M following Quantity / Specification corrected due to unavoidable reason.

Other Details See in BOQ.

| SL No | E-NIT No | Gr. | Name of Materials | unit | Published Qnty | Corrected Qnty |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 143 /PR/ JBVNL/ 2025-26/ | v | 11 KV 3 Core Heat shrinkable Straight through Cable Jointing kit 300 mm2 | No | 10 | 5 |
| | | vi | Jointing kit straight through HT AB cable 95 mm2 | Set | 5 | 30 |
| | | vii | HT AB cable 95 mm2 End jointing kit | Set | 30 | 40 |
| | | viii | P.G clamp for 150/200/240/300 sqmm conductor | Set | 40 | 400 |
| | | x | Suitable Lugs | No | 400 | 950 |
| | | xi | Spring loaded distribution Bus Bar insulated Box for fixing on pole suitable for AB XLPE Cable and three phase connection 1 incoming and out going 3 phase connection as per field requirement | No | 950 | 300 |
| | | xii | LT Phase Seperator | No | 300 | 600 |
| | | xiii | 11 KV 3 Core Heat shrinkable indoor cable jointing/termination kit for **240mm2** | No | 600 | 10 |

The other terms and condition remain the same as per above previous Notice.

PR No. 359669

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
ESA, Medininagar

PR.NO.360217 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D



## कार्यालय- उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**आवश्यक सूचना**

लातेहार जिला अन्तर्गत मनरेगा के तहत संविदा के आधार पर विज्ञापन संख्या– 01/2023 द्वारा लेखा सहायक तथा विज्ञापन संख्या– 01/2025 द्वारा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक– 17.08.2025 को आयोजित लिखित परीक्षा में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पद के लिए कुल 29 अभ्यर्थी तथा लेखा सहायक पद के कुल 10 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पद के परीक्षा में कुल 40 प्रश्न में से 02 प्रश्न रद्द किया गया है। उपरोक्त दोनों पदो के परीक्षा का प्रश्न पत्र का उत्तर कुंजी (Answer Key) लातेहार जिला के Official website https://latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया था जिसमें उत्तर कुंजी (Answer Key) पर दिनांक– 20.08.2025 तक आपत्ति की मांग की गई थी परन्तु किसी भी परीक्षार्थी द्वारा पर कोई आपत्ति नही दी गई है।

प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा सहायक के परीक्षार्थियों का उत्तर पत्रक का मूल्यांकन कर प्राप्तांक को लातेहार जिला के Official website https://latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है।

उपायुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,लातेहार

PR 360151 Rural Development(25-26).D



## समाहरणालय, लातेहार
(स्थापना शाखा)

विज्ञापन संख्या–01/2025(DHS)

**आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीनपारा चिकित्सा कर्मियों एवं अन्य जिला स्तरीय रिक्त पदों पर संविदा/ अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2025(DHS) पर नियुक्ति प्रक्रियापूर्ण करने हेतु कुल 558 प्राप्त आवेदनों का स्क्रुटनी के पश्चात दिनांक 30.07.2025 तक अभ्यर्थियों से दावा आपति आवेदन की मांग की गई थी। अभ्यर्थियों के द्वारा दिनांक 30.07.2025 तक दिये गये दावा आपति आवेदन का निराकरण किया गया जिसमें 261 आवेदन स्वीकृत एवं 218 आवेदन अस्वीकृत किये गये। जिसकी सूचीलातेहार जिला के अधिकृत वेबसाईट–WWW.latehar.nic.in पर अपलोड डाटा का अवलोकन किया जा सकता है।

स्वीकृत आवेदनों का प्रवेश पत्र निर्गत करने की कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 07.09.2025 को परीक्षा की तिथि एवं District CM School of excellence, Latehar को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों का निर्गत प्रवेश पत्र निबंधित डाक के द्वारा उनके पतेपर भेजा जायेगा। प्रवेश पत्र उनके पतेपर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में **समाहरणालय, लातेहार (जिला स्थापना शाखा, लातेहार)** से दिनांक 05.09.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार

PR 360143 District(25-26)#D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
–: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अंतर्गत आहतु थाना काण्ड संख्या 02/2023 दिनांक 03.02.2023 धारा 370/371/34 भा0द0वि0 एवं 14 बाल श्रम प्रतिशेध अधिनियम के अभियुक्त सुन्दर कुमार उर्फ छिनदरा पिता रामबाबू दास सा0 पाई बिगहा भोला स्थान, थाना पाई बिगहा, जिला गया (बिहार) के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.08.25 तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्ध अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | सुन्दर कुमार उर्फ छिनदरा पिता रामबाबू दास सा0 पाई बिगहा भोला स्थान, थाना पाई बिगहा, जिला गया (बिहार) |





PR 360140 Police(25-26)D

पुलिस अधीक्षक,लातेहार।

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खायीं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धान्तवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" -मुंशी प्रेमचंद

## संपादकीय

# जीएसटी झमेले से राहत का दावा

सर्विस टैक्स के स्थान पर जीएसटी लाने के समय इसे व्यापारी हित में बड़ा कदम बताया गया था पर घोटाले पकड़े जाने के समाचारों के बीच छोटे व्यवसायियों की दिनों दिन बढ़ती रिटर्न और सीए की परेशानियों से बचाने के लिए अब नई पहल का दावा किया जा रहा है। केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स कानून में आमूल सुधार के जरिये लोगों को बड़ी राहत देने और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने की डगर पर प्रभावी कदम आगे बढ़ाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी में बड़े बदलाव के एलान के बाद केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को भेज दिया है और इसे शीघ्र लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा है। इसी तरह हाल ही में 11 अगस्त को लोकसभा में पारित नया इनकम टैक्स बिल, 2025 राज्यसभा में पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा। केंद्र सरकार ने तीन साल तक व्यापक मूल्यांकन और विश्लेषण के बाद जीएसटी में सरलता का प्रस्ताव तैयार किया है। सरकार ने मौजूदा चार टैक्स स्लैब पांच, बारह, अठारह और अट्ठाइस फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर पांच और अठारह फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी का प्रस्ताव किया है। जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार होंगे। एक, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया जाएगा। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाना, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हो सकें तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाना। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स दरें संतुलित होंगी।जीएसटी कम होगा, तो आम व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी।

लोगों की क्रय शक्ति बढ़ने के साथ बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटाने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर भारत की इज ऑफ डूइंग रैंकिंग भी सुधरेगी। इस परिप्रेक्ष्य में वैश्विक साख निर्धारण करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने 19 अगस्त को कहा कि निश्चित रूप से भारत में पिछले 5-6 वर्षों के दौरान जीएसटी सुधार बहुत सफल साबित हुए हैं। अब जीएसटी के दो स्लैब बनने से इसकी कार्यान्वयन और लेखांकन प्रक्रिया आसान हो जाएगी। नए आयकर कानून के तहत टैक्स कानूनों के मकड़जाल को खत्म कर एक ऐसी प्रणाली निर्मित होगी, जो सहज और आम टैक्सपेयर के लिए लाभकारी हो और इससे नए करदाता अपनी आमदनी के मुताबिक इनकम टैक्स देने के लिए तत्पर हों। खास बात यह है कि मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार छोटे-बड़े कई प्रयास किए जाते रहे हैं।स्थिति यह है कि 1961 के इनकम टैक्स कानून में वर्ष 2024 तक 4,000 से ज्यादा संशोधन व सुधार हुए हैं और इसमें पांच लाख से ज्यादा शब्द हैं। ऐसे जटिल हो चुके इनकम टैक्स कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने के लिए नया इनकम टैक्स विधेयक 2025 एक अत्यंत सराहनीय कदम है।

*केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स कानून में आमूल सुधार के जरिये लोगों को बड़ी राहत देने और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने की डगर पर प्रभावी कदम आगे बढ़ाने जा रही है।*

# संप्रभुता की वापसी व गौरव की बहाली



● सिंधु की पुकार

मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिलकर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिए जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का स्थगन-ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं।

फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी। मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80:20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गए जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे।लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में, संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आए, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी। संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी।

अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। राजस्थान से कांग्रेस सांसद हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, ए.सी. गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को "एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित" कहा जा सकता है।

इस संदर्भ में, यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गई आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, "मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है।"

इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ। अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, "अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था, इनमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफ हैं।" ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं। जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब "इंडस वाटर ट्रीटी: एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन" में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा था: "मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे।" इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई। फरवरी 1962 में, 'वाशिंगटन पोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को "आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण..." बताया।

स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए।

आज की बात



**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार

## खुजली से क्रांति तक

मैं एक बैल, अपनी कहानी सुना रहा हूँ। लोग मुझसे गधा भी कह देते हैं, लेकिन मैं गधा नहीं, बैल हूँ। गधे पर हँसा जाता है, बैल की पूजा होती है। दोनों का जीवन एक ही है, बोझ ढोना। मगर एक को हंसी मिली, दूसरे को सम्मान। इसीलिए मैंने बैल होना स्वीकार किया। मेरा बचपन एक मालिक के साथ बीता। मालिक मुझे बहुत प्यार करते थे। वह मुझे गोबर कहते थे, गोबर। गोबर, यानी, गो से उत्पन्न हुआ। मेरी पूँछ को हाथ लगाकर कहते थे - यह पूँछ नहीं, पूँछ की महिमा है! मेरी पीठ थपथपाते थे, मेरे सींग पर रंग लगाते थे। मैं बहुत खुश था। मुझे लगता था कि मैं बहुत बड़ा भाग्यवान हूँ। मगर एक दिन, मालिक मुझे लेकर एक बाज़ार में गए। वहाँ बहुत सारे बैल थे। सब एक-दूसरे को देख रहे थे। वहाँ एक आदमी आया। वह आदमी नहीं, एक दलाल था। दलाल ने मेरे सींग देखे, मेरी पूँछ देखी, मेरे पैर देखे। फिर मालिक से पूछा - कितने में दोगे इसे? मालिक ने मुझे बेच दिया। उस दिन मुझे पता चला कि मैं गोबर नहीं, एक सामान हूँ। और मेरे सारे अंग, मेरे सींग, मेरी पूँछ, मेरे पैर, सब सामान के हिस्से हैं। वह दिन मुझे पहली बार गुस्सा आया। लेकिन गुस्सा भी क्या, गुस्सा मेरे मालिक के प्रति था, और मेरी तो ट्रेनिंग ही यही हुई थी कि मालिक से गुस्सा नहीं होना चाहिए। तो मैं चुपचाप उस नए मालिक के साथ चला गया। नया मालिक मुझे लेकर अपने खेत में ले गया। वहाँ मुझे हल में लगाया गया। मैं हल खींचने लगा। मुझे पता चला कि मेरा जीवन अब इसी तरह से चलेगा। सुबह उठो, हल खींचो, शाम को जाओ, घास खाओ। फिर सुबह उठो, हल खींचो, शाम को जाओ, घास खाओ। मैं बहुत काम करता था, बहुत। मेरे पैर थक जाते थे, मेरी पूँछ थक जाती थी, मेरा दिल थक जाता था। मगर मेरे नए मालिक ने मुझे कभी गोबर नहीं कहा। वह मुझे 'हे बैल' कहते थे, 'हे बैल, चल'। मैं हर दिन सुबह उठकर सोचता था कि आज मैं नहीं चलूँगा। मगर फिर मुझे डर लगता था कि अगर मैं नहीं चलूँगा तो मुझे मारेंगे। तो मैं चल देता था। मैंने हर दिन सोचा कि एक दिन मैं रुक जाऊँगा। मगर मैं नहीं रुका। मेरी ट्रेनिंग ही ऐसी हुई थी। मगर एक दिन, मेरे पुराने मालिक, गोबर, मुझे देखने आए। मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे लगा कि वह मुझे वापस ले जाएँगे। उन्होंने मुझे बहुत प्यार किया। मेरे सींग पर हाथ लगाया, मेरी पूँछ पर हाथ लगाया। फिर मेरे नए मालिक से कहा - इसे बेच दो, मैं इसे वापस ले जाना चाहता हूँ। मेरे नए मालिक ने कहा - नहीं, यह मेरा बैल है, मैं इसे नहीं बेचूँगा। तो वह दोनों लड़ने लगे। मैं दूर खड़ा होकर देख रहा था। मुझे लगा कि मेरे दोनों मालिक लड़ रहे हैं, और मैं यहाँ खड़ा हूँ। मैं उनके बीच में नहीं हूँ, मैं उनके लिए हूँ। उस दिन मैंने अपने जीवन का सबसे बड़ा सच जाना - मैं दो आदमियों के बीच का सामान हूँ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# एक राष्ट्र की आकांक्षाओं का उत्सव

**23 अगस्त : राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विशेष**

23 अगस्त का सूरज जब उगा, तो वह सिर्फ़ एक दिन को नहीं, बल्कि एक युग को रोशन कर गया। यह तारीख अब केवल कागज़ पर नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय पर अंकित हो चुकी है। चंद्रयान-3 की लैंडिंग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर न केवल भारत का झंडा गाड़ा, बल्कि मानवता की आकांक्षाओं को एक नया आकाश दिया। यह क्षण वह नहीं था जब मशीनें चाँद की मिट्टी पर उतरीं; यह वह पल था जब एक राष्ट्र ने अपनी आत्मा को तारों के पार भेजा। यह दिन, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, विज्ञान की जीत से कहीं बढ़कर है—यह सपनों का उत्सव है, जो असफलताओं की राख से फीनिक्स की तरह उभरे। जब चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की अनछुई सतह को स्पर्श किया, तो उसने न केवल वैज्ञानिक इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षर अंकित किए, बल्कि एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति का सूत्रपात किया। चंद्रयान-2 की असफलता को विश्व ने पराजय माना, पर भारत ने उसे एक प्रेरणा बनाया। इसरो के वैज्ञानिकों ने उस ठोकर को सीढ़ी में ढाला, और सिद्ध कर दिखाया कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का संदेश है। यह भारतीय दर्शन की वह शक्ति है, जो टूटे को जोड़ती है और असंभव को संभव बनाती है। 23 अगस्त 2023 को, जब विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा, तो वह केवल एक मिशन की जीत नहीं थी—यह एक प्राचीन सभ्यता की उस अटल मान्यता की विजय थी, जो कहती है कि असंभव महज एक शब्द है, और सपने सितारों तक ले जाते हैं। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का असली महत्व इसकी वैज्ञानिक उपलब्धि में नहीं, बल्कि इसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव में है। जब एक ग्रामीण स्कूल का बच्चा रात को तारों की ओर देखता है और यह सोचता है कि उसका देश उन तारों तक पहुँच चुका है, तो उसके मन में एक नया विश्वास जन्म लेता है। यह विश्वास केवल अंतरिक्ष तक सीमित नहीं है; यह उसे जीवन की हर चुनौती को पार करने की प्रेरणा देता है। इसरो की यह उपलब्धि सिर्फ़ डेटा और तकनीक की बात नहीं करती; यह हर उस व्यक्ति की कहानी कहती है जो अपने छोटे से गाँव में बड़े सपने देखता है।

चंद्रयान-3 की लागत को देखें तो यह आश्चर्यजनक है। नासा के मिशनों के सामने भारत का यह मिशन एक छोटे से बजट में रचा गया चमत्कार था। इसरो ने लगभग 615 करोड़ रुपये (लगभग 74 मिलियन डॉलर) में यह मिशन पूरा किया, जो कि हॉलीवुड की एक औसत ब्लॉकबस्टर फिल्म के बजट से भी कम है। फिर भी, इस मिशन ने न केवल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की अनछुई मिट्टी पर कदम रखा, बल्कि भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल किया, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। यह सिद्ध करता है कि भारत की ताकत उसके संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके संकल्प में है। यह वही देश है जो मंगल पर भी कम बजट में मंगलयान भेज चुका है, जिसकी लागत (450 करोड़ रुपये) भी कई देशों के अंतरिक्ष मिशनों की तुलना में नगण्य थी। 23 अगस्त का उत्सव केवल वैज्ञानिकों का नहीं है। यह उन गुमनाम नायकों का भी उत्सव है जो पर्दे के पीछे काम करते हैं। वे इंजीनियर, जो रात-रात भर डेटा विश्लेषण करते हैं। वे तकनीशियन, जो एक-एक तार को जोड़ते हैं। और वे परिवार, जो अपने प्रियजनों की अनुपस्थिति को सहते हैं ताकि देश का नाम आकाश में चमके। जब इसरो के नियंत्रण कक्ष में तालियों की गूंज उठी, तो वह सिर्फ़ एक लैंडर की सफलता की गूंज नहीं थी; वह उन अनगिनत बलिदानों की आवाज़ थी जो इस मिशन को साकार करने में लगे। चंद्रयान-3 की लैंडिंग का वैज्ञानिक महत्व भी कम नहीं है। दक्षिणी ध्रुव पर पानी की बर्फ की खोज ने न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान को नई दिशा दी, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए एक नई संभावना खोली। इसरो के प्रज्ञान रोवर ने चंद्र सतह पर सल्फर और ऑक्सीजन जैसे तत्वों की उपस्थिति की पुष्टि की, जो भविष्य में चंद्रमा पर मानव बस्तियाँ स्थापित करने की दिशा में एक कदम है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्यों शर्मिंदा से रहे, सुनकर उनका ज्ञान।
क्या क्या छोड़ेंगे अभी, जिससे थी पहचान।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अब उपराष्ट्रपति बनेंगे आरएसएस मुक्त भारत की बात करने वाले

राज्यसभा के आंकड़ों की मानें तो उपराष्ट्रपति के इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सी.पी.राधाकृष्णन का चुनाव जाना तय है। इस परिणाम को जानने बूझने के बाद भी वैचारिक लड़ाई के नाम पर इंडी गठबंधन और कांग्रेस ने जस्टिस बी.सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। संदर्भवश जस्टिस रेड्डी की मानें तो यह सामाजिक न्याय और आरएसएस के एजेंडे के बीच की लड़ाई है। सीधे तौर पर देखें तो जस्टिस रेड्डी की इस उम्मीदवारी पर कोई सवाल नहीं है क्योंकि देश संविधान से चलता है और देश में लोकतंत्र बना हुआ भी है। अब जब बात लोकतंत्र की हो रही है तो कुछ ऐसे सवाल सामने आ रहे हैं जिनसे न रेड्डी भाग सकते हैं,न इंडी गठबंधन भाग सकती है, न खड़गे बच सकते हैं और न उनकी तथाकथित वैचारिक लड़ाई के साख को बचाए रखा जा सकता है। विपक्ष पर पहला सवाल तो यह उठाया जा रहा है कि सरकार पर न्यायपालिका के राजनैतिक इस्तेमाल का आरोप लगाने वाले इस कुनबे को आखिर उच्चतम न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश के उपर दांव लगाने की जरूरत कैसे महसूस हो गई? इसी तरह उनके रहते भोपाल गैस त्रासदी के मुख्य आरोपी के खिलाफ आरोपों को हल्का करने के एक पुराने फैसले के खिलाफ सीबीआई के द्वारा दायर क्यूरेटिव पिटीशन को महज कुछ सबूतों के अभाव में खारिज किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वैसे तो गैस त्रासदी के पीड़ितों के विरोध में आया यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच का था परन्तु यह भी सच है कि इस पैनल में जस्टिस बी.सुदर्शन रेड्डी भी शामिल थे। इस कांड में कांग्रेस के कतिपय बड़े नेताओं के एंडरसन कनेक्शन पर भी चर्चा थी जबकि भोपाल गैस कांड के मुख्य आरोपीव यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के तत्कालीन अध्यक्षवारेन एंडरसनको घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था परन्तु कुछ ही घंटों बाद उन्हें 2100 डॉलर के मामूली जुर्माने पर रिहा करते हुए उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया और इसी संदर्भ में वर्ष 2012 में उपरोक्त क्यूरेटिव पिटीशन दायर किया गया था। वैचारिक लड़ाई के इस मामले में श्री रेड्डी पर जो सबसे गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं उसके अनुसार सरकार के द्वारा अतिवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से नक्सली हिंसा के खिलाफ छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य में चलाए जा रहे सलवा जुडुम (शान्ति यात्रा या सफाई रैली) को समाप्त करने वाली याचिका के माध्यम से इस आंदोलन को समाप्त करने में इनकी भी भूमिका थी। संदर्भवश सवाल यह कि सरकार उग्रवाद पर लगाम कसे तो इन्हें दिक्कत और इन्हें तब भी दिक्कत जब "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" की घोषित नीति के तहत भारत हथियारों के निर्यात का निर्णय ले ले। यह इसी जुलाई के अंतिम सप्ताह का वाकया है जब देश के पच्चीस नागरिकों ने रक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इजरायल को हथियार व गोला-बारूद निर्यात के लिए जारी होने वाले लाइसेंस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग कर दी। बताया जाता है कि इस ग्रुप-25 में एक नाम बी.सुदर्शन रेड्डी का भी है। इस वैचारिक मतभेद का एक काला सच यह भी है कि अभी अभी जब जस्टिस रेड्डी तटीय राज्य गोवा के पहले लोकायुक्त के रूप में राजभवन में शपथ ले रहे थे तब इसी इंडी गंठबंधन के कार्यकर्ताओं ने इनका जोरदार विरोध किया था। तमाम सवालों का लब्बोलुआब यह कि उपराष्ट्रपति चुनाव के बहाने हमारे विपक्ष और उसके उम्मीदवार को सामाजिक न्याय के नाम पर उस आरएसएस से लड़ाई लड़नी है जो भारत के किसी भी आतंकी हमले में कभी शामिल नहीं रहने के बावजूद एक आतंकी संगठन है और सिमी, पीएफआई, आईएसआईएस, लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन, माओवादी आदि संगठनों के लिए आतंकवादी जैसे शब्दों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**केदारनाथ दास**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को पक्षकार बनाया

**मतदाताओं के सहयोग करने का दिया निर्देश**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में बड़ा फैसला देते हुए राज्य के सभी 12 राजनीतिक दलों को पक्षकार बनाया है। कोर्ट ने राजनीतिक दलों से एसआईआर के दौरान मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की सहायता करने को भी कहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है। बेंच ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि बिहार में राजनीतिक दलों के 1.68 लाख से अधिक बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) हैं, लेकिन चुनाव आयोग के अनुसार सिर्फ दो आपत्तियां दर्ज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ही चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से एसआईआर प्रक्रिया में आगे आकर सहयोग मांगा था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर को आदेश दिया कि राज्य की सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को नोटिस जारी करें।कोर्ट ने राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे अपने बीएलए को निर्देश जारी करें कि वे मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने के लिए चुनाव आयोग की ओर से सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों या आधार कार्ड के साथ जरूरी फॉर्म जमा करने में सहायता करें। इससे पहले, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर बताया कि उनके निर्देशों का पालन किया गया है और ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल न होने वाले लगभग 65 लाख लोगों की बूथवार सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। चुनाव आयोग ने कोर्ट को यह भी बताया कि आदेश के अनुसार ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को भी जारी कर दिया गया है।

चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि ड्राफ्ट लिस्ट में नाम शामिल न किए जाने के कारणों का भी खुलासा किया गया है और जिला स्तर पर वेबसाइट पर डाला गया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा था कि वह उन 65 लाख लोगों की सूची जारी करें, जिनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए हैं। आयोग को लिस्ट में यह भी बताना था कि आखिर उनके नाम ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल न करने की वजह क्या है? सुप्रीम कोर्ट आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूचियों की एसआईआर के आदेश देने वाले चुनाव आयोग के 24 जून के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

## बिहार एसआईआर में आधार कार्ड या 11 अन्य दस्तावेज मान्य

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनावी राज्य बिहार में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बदलाव करने से इनकार कर दिया, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को निर्देश दिया कि वह सूची से बाहर किए गए मतदाताओं को ऑनलाइन माध्यम से दावे दाखिल करने की अनुमति दे, साथ ही भौतिक रूप से भी दावा पेश करने की अनुमति दे। अदालत ने निर्वाचन आयोग को मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए 11 दस्तावेज़ों या आधार कार्ड को स्वीकार करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की दो सदस्यीय पीठ ने राजनीतिक दलों को उन 65 लाख लोगों की मदद करने का भी निर्देश दिया, जिन्हें मसौदा मतदाता सूची से बाहर रखा गया है। अदालत ने कहा, सभी राजनीतिक दल अगली सुनवाई तक उस दावा प्रपत्र पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें, जिसे उन्होंने बहिष्कृत मतदाताओं द्वारा दाखिल करने में मदद की थी। मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि केवल दो आपत्तियाँ उठाई गईं, जबकि राजनीतिक दलों के 1.60 लाख से अधिक बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) हैं। सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि उसे यह साबित करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है। आयोग ने अदालत को यह भी बताया कि 85,000 बहिष्कृत मतदाताओं ने अपने दावा पत्र जमा कर दिए हैं, जबकि दो लाख से ज़्यादा नए मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आए हैं।

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने अदालत से कहा, "राजनीतिक दल शोर मचा रहे हैं और हालात इतने खराब नहीं हैं। हम पर विश्वास रखें और हमें कुछ और समय दें। हम आपको दिखा देंगे कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है। बिहार में जहाँ इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर अभियान चलाने के फैसले से भारी राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। एसआईआर के अनुसार, बिहार में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या इस अभियान से पहले के 7.24 करोड़ से घटकर 7.9 करोड़ रह गई है।

### रिसर्च एथिक्स एंड एकेडेमिक इंटीग्रिटी' विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

## शोध की प्रामाणिकता व नैतिकता का आधार शोधकर्ता की ईमानदारी है : प्रो. प्रेम नारायण सिंह



**एजेंसी। वाराणसी**

अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केन्द्र वाराणसी एवं सूचना पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र (इनफ्लिबनेट), गांधीनगर, गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आईयूसीटीई परिसर में हुआ। समापन सत्र का शुभारम्भ मंगलाचरण, मां सरस्वती एवं महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक, आईयूसीटीई प्रो. प्रेम नारायण सिंह जी ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि "शोध की प्रामाणिकता और नैतिकता का आधार शोधकर्ता की व्यक्तिगत ईमानदारी है। सत्यनिष्ठ शोध ही समाज को वास्तविक लाभ पहुँचा सकता है और समाज को सार्थक योगदान दे सकता है।" आईयूसीटीई के संकाय प्रमुख (शिक्षण व शोध) प्रो. आशीष श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान को केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रखें, बल्कि उसे समाजहित और जनकल्याण में प्रयोग करें। उन्होंने शोध को "सामाजिक परिवर्तन और मानवता की सेवा" का आधार बताया। वहीं प्रो. अजय कुमार सिंह आईयूसीटीई, वाराणसी ने कहा कि नैतिकता और ईमानदारी अंतःकरण से उपजती हैं, डिजिटल उपकरण केवल सहायक हैं, वे मानवीय संवेदना और विवेक का स्थान नहीं ले सकते। सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र, गांधीनगर की डॉ. सुरभि ने शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे नैतिक सिद्धांतों को अपने कार्यक्षेत्र में प्रसारित करें और ज्ञान को समाज के हित में नेतृत्वकारी रूप से प्रयोग करें। कार्यक्रम के अंतिम दिन कई महत्वपूर्ण व्याख्यान हुए। जिसमें डॉ. सुरभि ने "नेशनल फ्रेमवर्क्स एंड रिसर्च इनीशिएटिव्स बाई इन्फ्लिबनेट सेंटर" पर विचार प्रस्तुत किए। डॉ. डी.के. सिंह (सयाजीराव गायकवाड़ केन्द्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष, बीएचयू) ने "डिज़ाइन थिंकिंग मॉडल और शोध प्रकाशन में मौलिकता" विषय पर चर्चा की और साहित्यिक चोरी से बचने के उपाय बताए। डॉ. कृति त्रिवेदी (इन्फ्लिबनेट सेंटर) ने ऑनलाइन माध्यम से "इंट्रोडक्शन टू रिसर्च मेट्रिक्स" एवं "स्कॉलरली इम्पैक्ट इंडीकेटर्स" पर व्याख्यान दिए और शोधार्थियों को एच-इंडेक्स, आई10 इंडेक्स, इम्पैक्ट फैक्टर जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों से अवगत कराया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड, बिहार, दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 11 राज्यों से कुल 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन डॉ. चक्रधर राणा और डॉ सुनील त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने रिसर्च एथिक्स, डिजिटल टूल्स, एकेडेमिक इंटीग्रिटी, रिसर्च मेट्रिक्स और प्रकाशन की गुणवत्ता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी प्राप्त की। और प्रतिभागियों ने कार्यशाला का फीडबैक भी दिया इसी दौरान डॉ. दीपक प्रसाद ने कहा कि शोध में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। अनुशासन के साथ ही किसी भी कार्य को सही अंजाम तक पहुँचाया जा सकता है। पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण का संचालन जिस अनुशासित ढंग से हुआ, वह सराहनीय है। शोध की नैतिकता में अनुशासन को प्रथम स्थान प्राप्त है और प्रतिभागियों को इसे अपने कार्य में उतारना चाहिए। अंत में सभी ने इस ज्ञान को अपने शोध और शिक्षण में लागू करने का संकल्प लिया।

## जम्मू-कश्मीर एलजी ने आतंकी कनेक्शन वाले 2 सरकारी कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। आरोप है कि इनकी संलिप्तता आतंकवादी गतिविधियों या उनके समर्थन से जुड़ी हुई थी। हम आपको बता दें कि यह कोई पहला मामला नहीं है, हाल के वर्षों में केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने कई ऐसे कर्मचारियों को बर्ख़ास्त किया है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवादियों के लिए सहानुभूति दिखाते रहे हैं। देखा जाये तो आतंकवाद का एक बड़ा खतरा यह है कि उसका नेटवर्क केवल जंगलों या सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि प्रशासन और व्यवस्था तक भी पहुँचने की कोशिश करता है। सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई यह संदेश देती है कि प्रशासनिक ढांचे में "दोहरी भूमिका" निभाने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर चूंकि लंबे समय से आतंकी हिंसा से प्रभावित रहा है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि संवेदनशील पदों पर बैठे लोग सुरक्षा तंत्र को कमजोर न करें। देखा जाये तो सरकारी नौकरी करदाताओं के पैसे से मिलती है। यदि कोई व्यक्ति आतंकवाद या अलगाववाद को समर्थन देता है, तो उसका वेतन उसी व्यवस्था से जाता है जिसे वह कमजोर कर रहा है। यह व्यवस्था के साथ धोखा है। बर्ख़ास्तगी इसी विरोधाभास को समाप्त करने की कोशिश है।

## मध्य प्रदेश: केंद्रीय मंत्री के बंगले के पास मिले जले हुए वोटर कार्ड, जांच शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश भर में चल रहे मतदाता सूची विवाद के बीच, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार के आवास के सामने लगभग 43 मतदाता पहचान पत्र (कुछ जले हुए) बरामद किए गए, जिसके बाद ज़िले के अधिकारियों ने जाँच के आदेश दिए हैं। यह घटना तब सामने आई जब एक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ने मंत्री के आवास के सामने ये कार्ड देखे और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया। टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, एहसिलदार को सूचना मिली थी कि सर्किट हाउस को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाली गली के पास कुछ मतदाता पहचान पत्र पड़े हैं।

# बिहार की धरती चंद्रगुप्त-चाणक्य की, यहां लिया गया संकल्प खाली नहीं जाता : पीएम

**एजेंसी। गयाजी**



- आतंक के खिलाफ "संकल्प की धरती" के रूप में बिहार का उल्लेख
- कांग्रेस और राजद पर परियोजनाओं को लटकाकर पैसे कमाने का आरोप
- बिहार में ही रोजगार और सम्मान की जिंदगी देने की दिशा में काम
- "कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नफरती अभियान" का उदाहरण बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गयाजी में आयोजित कार्यक्रम में 13 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से रेल, सड़क, बिजली, आवास, जलापूर्ति और स्वास्थ्य क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार चंद्रगुप्त और चाणक्य की धरती है। यहां लिया गया संकल्प खाली नहीं जाता। यही कारण है कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मैंने भी आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प इसी धरती से लिया था। आज दुनिया देख रही है। बिहार की धरती से लिया गया वह संकल्प पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा नीति की नई लकीर खींच दी है। भारत में आतंकवादी भेजकर हमले कराकर कोई बच नहीं सकेगा। आतंकवादी चाहे पाताल में क्यों न छिप जाए, भारत की मिसाइल उन्हें दफन करके रहेगी।"पीएम मोदी ने याद दिलाते हुए कहा कि उधर से पाकिस्तान हम पर ड्रोन हमले कर रहा था, मिसाइल दाग रहा था और इधर भारत पाकिस्तान की मिसाइलों को हवा में तिनके की तरह बिखेर रहा था। पाकिस्तान की एक भी मिसाइल हमें नुकसान नहीं पहुंचा पाई। इस मौके पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता गिनाई। उन्होंने राजद और कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद नहीं जानते थे कि पैसों का कभी मोल नहीं समझा। कोई भी परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं होती थीं। परियोजनाओं को लटकाकर पैसे कमाते थे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने इस गलत सोच को भी बदल दिया है। अब अगर परियोजनाओं का शिलान्यास होता है तो कोशिश होती है कि इसे समय से पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि बिहार का तेज विकास केंद्र की एनडीए सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। आज बिहार चौतरफा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में पुरानी समस्याओं के समाधान तलाशे गए हैं और नई प्रगति के रास्ते बनाए गए हैं। उन्होंने आगे कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री के बयान की चर्चा करते हुए कहा कि आपको याद होगा कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे। इसके बावजूद राजद वाले सोए पड़े थे। बिहार के लोगों से कांग्रेस की इतनी नफरत, कोई भूल नहीं सकता है। एनडीए सरकार अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नफरती अभियान का जवाब दे रही है। बिहार के लोगों को बिहार में ही रोजगार मिले और सम्मान की जिंदगी मिले, इसी सोच के साथ हम काम कर रहे हैं।

## 'लालटेन राज' में बिहार आतंक' से जकड़ा हुआ था : मोदी

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और लालू यादव की पार्टी राजद पर बड़ा हमला बोला है। गयाजी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन वालों के नफरती अभियान का जवाब दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार का तेज विकास केंद्र की एनडीए सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। इसलिए आज बिहार चौतरफा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। बीते समय में पुरानी समस्याओं के समाधान तलाशे गए और नई प्रगति के रास्ते बनाए गए।उन्होंने बिहार के लोगों को पुराने दिन याद दिलाते हुए कहा, "याद करें, 'लालटेन राज' में बिहार की क्या दुर्दशा थी। 'लालटेन राज' में यह क्षेत्र लाल आतंक से जकड़ा हुआ था। माओवादियों के कारण शाम के बाद आना-जाना मुश्किल होता था।" प्रधानमंत्री ने कहा, "लालटेन राज में गयाजी जैसे शहर अंधेरे में डूबे रहे। हजारों गांव थे, जहां बिजली के खंभे तक नहीं पहुंचे। 'लालटेन राज' वालों ने अंधेरे में धकेला था। न शिक्षा थी और न रोजगार था। बिहार की कई पीढ़ियों को राज्य से पलायन के लिए मजबूर कर दिया। बिहार के लोगों को राजद और उनके साथ सिर्फ अपना वोटबैंक मानते हैं। उन्हें गरीब के सुख-दुख और मान सम्मान से कोई मतलब नहीं है।" गयाजी में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को उसका इतिहास याद दिलाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कहा था कि अपने राज में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे। बिहार के लोगों से कांग्रेस की नफरत और घृणा को कोई भूल नहीं सकता है। कांग्रेस का बिहार के लोगों के प्रति दुर्व्यवहार देखने के बाद भी राजद वाले गहरी नींद में सोए पड़े थे।" इसी दौरान, अपने संकल्प को दोहराते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के बेटे-बेटी को यहीं रोजगार और सम्मान की जिंदगी मिले, वह परिवार की देखभाल कर सकें, इसी सोच के साथ एनडीए सरकार काम कर रही है। अब बिहार में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि गयाजी जिले में बिहार का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया तैयार हो रहा है।

## 'भारत में आतंकी हमले कराकर कोई बच नहीं सकता': पीएम मोदी

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से एक बार फिर देश के दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया है। गयाजी में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में आतंकवादी भेजकर या हमले कराकर कोई बच नहीं सकता है। इस दौरान, उदाहरण देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पहलगाम का बदला लिया, जिसका वादा वह बिहार की धरती से करके गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षानीति की नई लकीर खींच दी है। अब भारत में आतंकी भेजकर, हमला करके कोई बच नहीं सकता। आतंकवादी चाहे पाताल में क्यों न छिप जाएं, भारत की मिसाइलें उन्हें दफन करके ही रहेंगी।"उन्होंने कहा कि बिहार चंद्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की धरती है। जब किसी दुश्मन ने भारत को चुनौती दी है, बिहार देश की ढाल बनकर खड़ा हुआ है।

## बिहार में अब, 2030 तक 1 करोड़ युवाओं को रोजगार : सीएम नीतीश

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के दौरे पर हैं और गयाजी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उनसे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता से बात की और अपनी सरकार के कामों और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की तस्वीर पिछले दो दशकों में पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि 2005 से पहले राज्य की हालत बेहद खराब थी, लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद से हर क्षेत्र में विकास का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि जब 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार सत्ता में आई, एनडीए सरकार, जिसमें भाजपा और जेडी(यू) शामिल थे, हमने तुरंत काम करना शुरू कर दिया। पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया था। लेकिन, जब से हमारी सरकार आई है।

## सीईसी ज्ञानेश कुमार के परिवार को किया जा रहा ऑनलाइन ट्रोल

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) समुदाय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार का पुरज़ोर बचाव किया है, क्योंकि उनके परिवार, खासकर उनकी बेटियों को ऑनलाइन ट्रोलिंग का निशाना बनाया गया था। ये हमले वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उस टिप्पणी के बाद हुए हैं, जिसमें उन्होंने विवादास्पद रूप से कहा था कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त को नहीं बख्शेगा।आईएएस एसोसिएशन ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की और ज़ोर देकर कहा कि यह ट्रोलिंग अनावश्यक गाली-गलौज और व्यक्तिगत हमले" के समान है जिसका चुनाव आयोग के कामकाज से कोई लेना-देना नहीं है। एसोसिएशन ने कहा कि हम आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन से असंबद्ध ऐसे व्यक्तिगत हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। 19 फ़रवरी, 2025 को मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार ग्रहण करने वाले ज्ञानेश कुमार हाल के हफ़्तों में बिहार मतदाता सूची से जुड़े आरोपों और चुनावी कदाचार के आरोपों के बीच तीखी आलोचना का सामना कर रहे हैं।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

पत्रांक–628 दिनांक–22.08.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID/Latehar/F2-12/2025-26 यथा सेडे नदी, लाटो नदी नाला एवं डेली करचा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–महुआडाड़ विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-359907 (water Resources)25-26*D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

PR 360200 Water Resource(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार



**कार्यालय,**
**जिला परिषद, चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**–: रद्द संबंधी सूचना :–**

इस कार्यालय पत्रांक 1472/जि0प0, दिनांक 20.08.2025 द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– 04 / 2025–26 में वर्णित कार्य (PR No. 359961 District (25-26) # D) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.360149 District(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-08/2025-26
पत्रांक –523गढ़वा/दिनांक – 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लेवा नाला पर चेकडैम निर्माण ग्राम– सिंघीताली, पंचायत– चपरी, प्रखण्ड– भवनाथपुर, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 59,14,204.94 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 360159 Minor Irrigation(25-26)#D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-04/2025-26
पत्रांकः– 353 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | धांगरडीह नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 58,06,900=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर
PR 360196 Minor Irrigation (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-11/2025-26
पत्रांकः– 360 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सदाबह नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 73,31,900=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 360216 Minor Irrigation(25-26).D
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर

## इमरान के भांजे गिरफ्तार पुलिस रिमांड पर भेजे गए

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दो भांजों को 9 मई 2023 के दंगों के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।



लाहौर पुलिस ने शुक्रवार को पुष्टि की कि इमरान की बहन अलीमा खान के बेटे शेरशाह खान को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। इससे एक दिन पहले उनके भाई शहरेज खान को हिरासत में लिया गया था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इन गिरफ्तारियों को "अपहरण" करार देते हुए आरोप लगाया कि देश में कानून का राज खत्म होकर "जंगल का कानून" हावी हो गया है। लाहौर की एक आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने शुक्रवार को शहरेज खान को जिन्ना हाउस हमले के मामले में आठ दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। अदालत ने यह आदेश पुलिस की 30 दिन की रिमांड याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दिया।

## अल्पसंख्यकों के लिए ना नौकरी, ना शिक्षा, पीसीएचआर ने खोली पोल

**नई दिल्ली ।** मानवाधिकार सांसदों के आयोग (पीसीएचआर) ने राष्ट्रीय स्तर पर नए सिरे से प्रयास करने का आग्रह किया है, जहाँ सभी



धर्मों और पृष्ठभूमियों के लोग समाज में समान रूप से शामिल हो सकें। पीसीएचआर ने ज़ोर देकर कहा कि सामाजिक एकता और राष्ट्रीय उन्नति तभी प्राप्त की जा सकती है जब किसी को भी हाशिए पर न रखा जाए। मीडिया ब्रीफिंग में पीसीएचआर के कार्यकारी निदेशक शफीक चौधरी, राष्ट्रीय न्याय एवं शांति आयोग के निदेशक नईम यूसुफ गिल और सम्मानित मानवाधिकार अधिवक्ता तनवीर जहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। ब्रीफिंग के दौरान, तनवीर जहान ने प्रतिबद्धताओं और वास्तविक प्रथाओं के बीच चल रही विसंगतियों पर प्रकाश डाला, और इस बात पर जोर दिया कि अल्पसंख्यकों को उचित अवसरों से व्यवस्थित रूप से हाशिए पर रखा जा रहा है।

## बांग्लादेश में डेंगू का कहर जारी एक दिन में पांच लोगों की मौत

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में डेंगू से एक दिन में पांच लोगों की मौत हुई है, जो इस साल का सबसे बड़ा एक दिवसीय आंकड़ा है। देश के



स्वास्थ्य महानिदेशालय के अनुसार, अब तक डेंगू से मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सुबह 8 बजे तक 311 नए मरीज सामने आए, जिससे इस साल डेंगू संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 27,782 हो गए हैं। साल 2024 में बांग्लादेश में डेंगू के एक लाख से ज्यादा मामले और 575 मौतें दर्ज की गई थीं, जबकि 2023 में डेंगू से 1,705 लोगों की जान गई थी, जो अब तक का सबसे बड़ा वार्षिक आंकड़ा है। डेंगू एक वायरल बीमारी है जो एडीज मच्छरों के काटने से फैलती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, थकान, मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द, ग्रंथियों में सूजन, उल्टी और चकत्ते शामिल हैं।

## कोकीन की खेती नष्ट करने जा रहे पुलिस हेलिकॉप्टर पर भी ड्रोन हमला

### अबतक 18 की हुई मौत

**बोगोटा ।** कोलंबिया में गुरुवार को दो अलग-अलग हमलों में 18 लोगों की मौत हो गई। कोलंबिया के कैली शहर में गुरुवार को एयर बेस के पास एक ट्रक में बम विस्फोट हुआ। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 71 से ज्यादा लोग घायल हुए है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये धमाका मार्को फिदेल सुआरेज सैन्य एविएशन स्कूल के पास हुआ। इससे कुछ घंटे पहले, कोकीन की फसलों को खत्म करने के लिए जा रहे पुलिसकर्मियों के हेलिकॉप्टर पर ड्रोन से हमला हुआ। जिसमें 12 पुलिस अधिकारी मारे गए थे। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने कहा कि इन हमलों के पीछे विद्रोही संगठन एफएआरसी के गुटों का हाथ है। एफएआरसी का मकसद कोलंबियन सरकार को उखाड़ फेंकना है। हालांकि, 2016 में एक शांति समझौते के बाद ये संगठन भंग हो गया था, लेकिन कई इलाकों में ड्रग्स सप्लाई में ये अभी भी एक्टिव है।

# मोदी बोले, बीजेपी सरकार से ही होगा बंगाल में विकास

### केंद्र की योजनाओं का लाभ जनता तक रोक रही टीएमसी सरकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में विभिन्न मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेवा और सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो सेवा और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही मोदी ने मेट्रो की सवारी की और मेट्रो परियोजनाओं में शामिल स्कूली छात्रों और निर्माण श्रमिकों से बातचीत की। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज एक बार फिर मुझे पश्चिम बंगाल में विकास को गति देने का अवसर मिला... सभी खुश हैं कि कोलकाता के सार्वजनिक परिवहन में प्रगति हुई है... मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए कोलकाता के लोगों को बधाई देता हूं।

वहीं, कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं ऐसे समय में आया हूँ जब दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बड़ा बाजार से लेकर पार्क स्ट्रीट तक,



कोलकाता इस उत्सव की तैयारी और सजावट में व्यस्त है। खुशी और आस्था के इस उत्सव में जब विकास का उत्सव भी जुड़ जाता है, तो खुशी दोगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। इसलिए जब तक पश्चिम बंगाल का सामर्थ्य नहीं बढ़ेगा, तब तक विकसित भारत की यात्रा सफल नहीं हो पाएगी। क्योंकि भाजपा मानती है, भाजपा की श्रद्धा है - जब बंगाल का उदय होगा, तभी विकसित भारत बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र की बीजेपी सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए लगातार हर प्रकार की मदद दी है। बंगाल में नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए जितना पैसा कांग्रेस की यूएपीए सरकार ने अपने 10 साल में दिया था। उससे 3 गुना से ज्यादा पैसा हमारी भारत सरकार ने बंगाल को दिया है। रेलवे के लिए भी बंगाल का बजट पहले की तुलना में तीन गुना बढ़ाया गया है। लेकिन, बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। चुनौती ये कि बंगाल के लिए जो पैसा हम राज्य सरकार को सीधे भेजते हैं...उसका ज्यादातर हिस्सा यहां लूट लिया जाता है।

वो पैसा टीएमसी काडर पर खर्च होता है। इसलिए गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं में बंगाल... देश के दूसरे राज्यों से पिछड़ा हुआ है। मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले पड़ोस में असम और त्रिपुरा के भी यही हाल थे। लेकिन जबसे असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनी है, गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ वहां जनता को मिलने लगा है।

### आस्था और विकास का संगम

- प्रधानमंत्री मोदी बोले जब उत्सव में विकास जुड़ता है तो खुशी दोगुनी हो जाती है।
- पश्चिम बंगाल आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है।
- बंगाल को भेजे गए फंड का बड़ा हिस्सा लूट लिया जाता है।

### केंद्र की मदद, लेकिन विकास में बाधा

- बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने बंगाल को हर प्रकार की मदद दी।
- नेशनल हाईवे निर्माण के लिए कांग्रेस सरकार से 3 गुना ज्यादा फंड दिया गया।
- रेलवे के लिए भी बंगाल का बजट तीन गुना बढ़ाया गया।

### साउथ अमेरिका के पास समुद्र में 7.5 तीव्रता का भूकंप

## सुनामी का खतरा टला, जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं...

**एजेंसी । सैंटियागो/ ब्यूनस आयर्स**

साउथ अमेरिका के तट के पास 7.5 तीव्रता का भूकंप आया है। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है। भूकंप की जानकारी देने वाली अमेरिकी संस्था यूएसजीएस के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिण में ड्रेक पैसेज के पास 11 किमी की गहराई में था। ड्रेक पैसेज साउथ अमेरिका के दक्षिणी सिरे (केप हॉर्न) और अंटार्कटिका के बीच का समुद्री रास्ता है। यह अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ता है। इसे बहुत तूफानी और खतरनाक माना जाता है। इसका नाम सर फ्रांसिस ड्रेक के नाम पर रखा गया है। चिली की नेवी हाइड्रोग्राफिक और ओशनोग्राफिक सर्विस ने पूरे अंटार्कटिका क्षेत्र के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी। हालांकि, अब इस चेतावनी को हटा दिया गया है। इससे पहले मई 2025 में भी इस इलाके में 7.5 तीव्रता



का भूकंप आया था।

**पिछले महीने रूस में 8.8 तीव्रता का भूकंप आया :** इससे पहले 30 जुलाई को रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 8.8 थी, जिसके चलते कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद रूस, जापान, अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की थी। यहां सुनामी की हल्की लहरें देखने को भी मिली थीं।

## इजराइल ने गाजा सिटी को तबाह करने की धमकी दी, कहा- राफा शहर की तरह मलबे में बदल देंगे

**तेल अवीव ।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को गाजा सिटी को पूरी तरह तबाह करने की धमकी दी। काट्ज ने कहा, 'अगर हमास इजराइल की शर्तें नहीं मानेगा तो उसे अंजाम भुगतना होगा। यह बयान ऐसे समय में आया जब एक दिन पहले काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए सेना को अनुमति दी थी। काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- गाजा का हाल राफा और बैत हनून शहरों जैसा हो सकता है, जो मलबे में तब्दील चुके हैं। ठीक जैसा मैंने वादा किया था। दरअसल, इजराइल ने जंग खत्म करने के बदले सभी कैदियों की एक साथ रिहाई और हमास के पूरी तरह से हथियार डालने समेत 5 शर्तें रखी थी।

### नहीं रुकेगी जंग

## रूस ने अमेरिकी कंपनियों पर दागी मिसाइल, ट्रंप ने शुरू किया एक्शन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होती है। ठीक उसके बाद वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से ट्रंप की मुलाकात। ऐसा लगा कि बहुत जल्द रूस और यूक्रेन के बीच की जंग रुक जाएगी। लेकिन अब जो खबर सामने आ रही है। वो पूरी दुनिया के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से में एक बड़ा हवाई हमला किया है। इस हमले में एक अमेरिकन इलेक्ट्रॉनिक की कंपनी को निशाना बनाया गया। जिसमें करीब 600 कर्मचारी काम कर रहे थे। 21 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर अपने इस सबसे बड़े हमलों में से एक को अंजाम दिया। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने इस साल यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 574 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागी गईं। उसने बताया कि हमले ज्यादातर देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक 'प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता' पर हमला किया। उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से, देश के पूर्व और दक्षिण में युद्धक्षेत्र की अग्रिम पंक्ति से दूर हैं। माना जाता है कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई अधिकांश सैन्य सहायता वहीं पहुंचाई।

## गाजा में भोजन संकट, 220 से अधिक ट्रकों में पहुंची मदद

**तेल अवीव (आईएएनएस)**

गाजा में बढ़ते भोजन संकट के बीच गुरुवार को 220 से अधिक ट्रकों की मदद पहुंचाई गई है। इजरायल के कोऑर्डिनेटर ऑफ गवर्नमेंट एक्टिविटीज (सीओजीएटी) ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। इजरायल के कोऑर्डिनेटर ऑफ गवर्नमेंट एक्टिविटीज के अनुसार, गुरुवार को 220 से अधिक ट्रकों ने गाजा पट्टी में केरेम शालोम और जिकिम क्रॉसिंग के माध्यम से मानवीय सहायता पहुंचाई। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने 370 से ज्यादा राहत सामग्री से भरे ट्रक इकट्ठा किए हैं, ताकि उन्हें जरूरतमंदों में बांटा जा सके। सीओजीएटी ने बताया कि सैकड़ों ट्रकों में भरी राहत सामग्री अभी भी गाजा बॉर्डर पर खड़ी है, जिसे उठाए



जाने का इंतजार है। आईडीएफ के अनुसार, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, नीदरलैंड, फ्रांस, सिंगापुर और इंडोनेशिया ने हवाई मार्ग से 155 पैलेट्स (लगभग चार ट्रकों के बराबर) सहायता सामग्री गाजा में उतारी है, जिसमें प्रत्येक पैलेट में सैकड़ों किलोग्राम खाद्य सामग्री शामिल थी। पिछले कुछ हफ्तों से रोजाना इसी तरह की सहायता आपूर्ति की खबरें आ रही हैं।

## बार्सिलोना के मेयर को इजरायल में प्रवेश की नहीं मिली इजाजत

### फिलिस्तीनी प्राधिकरण संग करने वाले थे बैठक

**तेल अवीव ।** बार्सिलोना के मेयर जौमे कोलबोनी को उनके इजरायल विरोधी बयानों के कारण देश में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कोलबोनी को शुक्रवार रात इजरायल पहुंचना था। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना के मेयर जौमे कोलबोनी को इजरायल पहुंचने से पहले सूचित किया गया कि जनसंख्या और आप्रवासन प्राधिकरण ने उनके प्रवेश पर रोक लगा दी है। उन पर इजरायल विरोधी बयान देने का आरोप है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अगर यह यात्रा रद्द नहीं हुई होती, तो कोलबोनी याद वाशेम का दौरा करते और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के साथ कई बैठक करते। बार्सिलोना के मेयर को यरुशलम स्थित विश्व नरसंहार स्मृति केंद्र का भी दौरा करना था। कोलबोनी के प्रवेश पर रोक लगाने का यह निर्णय बार्सिलोना शहर परिषद द्वारा तीन महीने पहले इजरायली सरकार के साथ संस्थागत संबंध तोड़ने और गाजा युद्ध के कारण तेल अवीव के साथ मित्रता समझौते को निलंबित करने के मतदान बाद आया है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है।

## 45 साल बाद ताज का दीदार करने पहुंची यमुना

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** तमाम लोग कहते हैं कि ताजमहल दुनिया की एक अनमोल मोहब्बत की निशानी है, मुग़ल बादशाह शाहजहां और उनकी बेगम मुमताज़ के प्यार की। बेगम के इंतकाल के बाद शाहजहां ने उनकी याद में यह दुनिया की अति खुबसुरत इमारत बनवाया , जिसमें बेगम का देह दफन करवाया, और अपना इंतकाल होने पर उनकी बग़ल में देह दफन करने की इच्छा जताया । सो वह भी अपनी प्यार के बग़ल में दफन हैं। इस तरह यह सच्ची मोहब्बत की एक लाजवाब व बेहतरीन निशानी है दिखावा नहीं है। इस ताजमहल के उत्तरी बाहरी दिवार का दीदार करते हुए 1978 में यमुना बहीं थी । उसके 45 वर्ष बाद अब फिर उस अपने प्यारे ताजमहल का दीदार करने पहुंची हैं।वैसे तो यमुना के किनारे मुगल सल्तनत के दौरान कई विश्व प्रसिद्ध धरोहर बने , जिसमें से दिल्ली का लाल क़िला भी एक प्रमुख इमारत है , जिस पर भारत के प्रधानमंत्री हर वर्ष 15 अगस्त को तीरंगा झंडा फहराते हैं और लंबा भाषण देते हैं। इस दिल्ली के लाल क़िले को भी शाहजहाँ ने ही बनवाया था। इसी तरह से आगरा में यमुना के किनारे पश्चिमी छोर पर आगरा का क़िला भी है , जिसमें शाहजहाँ को उसके बेटे औरंगजेब ने क़ैद किया था। जहां से वह वहाँ से पूरब दक्षिण की तरफ़ यमुना के किनार बनवाये अपने प्रेम की निशानी ताजमहल को निहारा करते थे। और मौत के बाद उनके इच्छा के अनुसार उसी ताजमहल में उनकी बेगम के बग़ल में दफ़नाया गया, जिसके लिए वह ताजमहल बनवाते समय ही जगह छोड़वा रखे थे। तो उसी आगरा में यमुना उसी ताजमहल तक पहुंच गई है। ताजमहल के पीछे बने पार्क में भी यमुना का पानी भर गया है। इस तरह यमुना ताजमहल के पिछली दीवार को छूने लगी है। आगरा का बल्केश्वर पार्वती घाट पानी में डूब चुका है। अगले 2 दिनों तक यमुना में नाव चलाने पर भी रोक लगा दी गई है। लेकिन यमुना का इस तरह ताजमहल का दीदार करने आने से ताजमहल व उसके सटे ऐतिहासिक व प्राकृतिक दृश्य फिर से जीवंत हो गये हैं , जो पर्यटकों को एक अद्भूत अनुभव दे रही है।

### बिग बॉस 19 में होगा 'महाभारत'!

## माइक टायसन और डब्ल्यूडब्ल्यूई के अंडरटेकर की वाइल्डकार्ड एंट्री, मेकर्स ने फेका बड़ा दांव...

*बिग बॉस सबसे बहुप्रतीक्षित रियलिटी शो में से एक है जिसने दिलों पर राज किया है और कैसे! आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ क्योंकि बिग बॉस सीज़न 19 का प्रीमियर 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। सलमान खान होस्ट के रूप में वापसी कर रहे हैं और प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं।*



कहानी फिल्म जगत की

इस साल शो का विषय दिलचस्प है और सीज़न 19 में और भी ड्रामा देखने को मिलेगा। घरवालों की सरकार, जिसमें घटक सत्ता पक्ष और विपक्ष के गुटों में बँटे होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाले सीज़न के टास्क में सत्ता बदलो चुनौतियाँ शामिल होंगी और हर फैसले के ऐसे परिणाम होंगे जो निश्चित रूप से घर के अंदर की गतिशीलता को बदल देंगे। फैन्स का फैसला पोल के ज़रिए दर्शक 21 अगस्त तक मृदुल तिवारी और शहबाज़ बदेशा में से किसी एक को चुन सकते हैं और प्रत्येक उपयोगकर्ता जियोहॉटस्टार ऐप के ज़रिए 99 वोट तक डाल सकता है। बिग बॉस सीज़न 19 का प्रीमियर 24 अगस्त, 2025 को रात 9:00 बजे फर्स्ट पर जियोहॉटस्टार पर होगा और उसी दिन रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर एपिसोड प्रसारित होगा।



### दोबारा शुरू हुए विधानसभा के मानसून सत्र में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा

# एक युग का अंत है शिबू सोरेन का निधन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार को दोबारा शुरू हुआ। शुक्रवार को सदन में राज्य के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह एवं उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में हाल में प्राकृतिक आपदाओं में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि चलते मानसून सत्र के दौरान हमारे बीच से दिशोम गुरु शिबू सोरेन, स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन एवं पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक सहित कई जाने-माने लोग गुजर गए। स्व. गुरुजी वर्ष 1989, 1991, 1996, 2004, 2009 एवं 2014 में दुमका से लोकसभा सदस्य रहे। वर्ष 1998, 2002 तथा2020 मे राज्य सभा के सदस्य थे। वर्ष 2005, 2008 तथा 2009 में झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सत्ता की बागडोर संभाली। वर्ष 2004, 2005 तथा 2006 में केंद्रीय मंत्रीमंडल में कैबिनेट मंत्री के कार्यभार को संभाला। गुरुजी झारखंड राज्य आंदोलन के दौरान झारखंड स्वायत शासी परिषद के अध्यक्ष रहे। विस अध्यक्ष ने कहा, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन का निधन एक युग का अंत है। परंतु, उनके साथ खड़ा हुआ महान जनांदोलन, उस जनांदोलन के विचार और उस जनांदोलन से उपजा झारखंड बाबा के अमर होने का प्रमाण दे रहा है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड अथवा देश के एक बड़े राजनेता ही नहीं, बल्कि झारखंडी अस्मिता और संस्कृति के सबसे प्रमुख ध्वजवाहक थे। वर्ष 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रूप में जिस राजनैतिक संगठन को उन्होंने जन्म दिया, और जिस राजनैतिक संगठन ने कालांतर में राजसत्ता के माध्यम से झारखंड के निर्माण और विकास का बीड़ा अपने कंधों पर उठाया है, उसकी शुरुआत बहुत पहले एक सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक आंदोलन के रूप में हो चुकी थी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन को केवल एक राजनेता मान लेना मैं समझता हूं, उचित नहीं होगा। इसकी व्यापकता को समझे बिना झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन के व्यापक परिपेक्ष्य को समझना असंभव है। गुरुजी के आंदोलन को कई बार मुख्य धारा के मीडिया द्वारा एक युवक के प्रतिशोध, महाजनी व्यवस्था के विरोध एवं बाहरी-भीतरी के द्वंद के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता रहा है, जो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के विराट व्यक्तित्व के साथ मैं समझता हूं, अनुचित है। गुरुजी ने कोयला नगरी, धनबाद में 'टुंडी आश्रम' की स्थापना कर झारखंडी अस्मिता, समाज सुधार, महिला सशक्तिकरण शराब-निषेध और आर्थिक स्वायतता की आधारशिला पर 'सोनोत संथाल समाज'की स्थापना की। टुंडी आश्रम में उन्होंने 19 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें स्वरोजगार, आर्थिक स्वतंत्रता सहित आदिवासियों एवं गैर-आदिवासियों के बीच किसी भी प्रकार के विवाद के निबटारे के लिए 'चेताबबैसी' का निर्माण और जगह-जगह पर विचारबैसी का गठन शामिल था।



● वे झारखंडी अस्मिता और संस्कृति के सबसे प्रमुख ध्वजवाहक थे

## बुधराम ने ग्रहण की लोक सेवा समिति की आजीवन सदस्यता



**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा के पोता बुधराम मुंडा ने शुक्रवार को लोक सेवा समिति की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। बुधराम मुंडा अब लोक सेवा समिति से जुड़ कर समाज सेवा, झारखंड की संस्कृति, भाषा एवं जनता के विकास के लिए कार्य करेंगे। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान की मौजूदगी में बुधराम मुंडा ने आजीवन सदस्यता फॉर्म भर कर सदस्यता ग्रहण की। उन्हें 31 अगस्त 2025 को होने वाली 34वीं वर्षगांठ समारोह में प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा। बुधराम मुंडा के आजीवन सदस्यता ग्रहण करने पर समिति की संगीता सिंहा, डॉ हरविंदर बीर सिंह, अनीता लिंडा, पूनम कुमारी, मुसर्रत जेबा साबुही, मकसूद आलम, डॉ हरि उरांव, प्रो खालिक अहमद आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि समिति को सामाजिक लक्ष्य को पूरा करने में पूरे राज्य में पूरा सहयोग मिलेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**शिबू सोरेन को भारत रत्न...**

प्रसिद्ध रहे शिबू सोरेन के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए। सरयू राय ने उन्हें भारत रत्न देने की मांग का समर्थन किया।आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो ने भी सदन से आग्रह किया कि शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने झारखंड की सबसे ऊंची पहाड़ी पारसनाथ की चोटी पर शिबू सोरेन और शीर्ष झारखंड आंदोलनकारियों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। इसके पहले, सदन के नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने वक्तव्य में नशाबंदी, आदिवासी समाज के उत्थान और झारखंड को अलग राज्य बनाने के आंदोलन में शिबू सोरेन के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मल्लिक, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह एवं उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में हाल में प्राकृतिक आपदाओं में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो का अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक निर्धारित था। लेकिन, विगत 4 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। 22 अगस्त से पूरक मानसून सत्र शुरू हुआ है, जो 28 अगस्त तक चलेगा।

**4296.62 लाख का...**

**अनुपूरक बजट में पंचायती राज विभाग को 9856 लाख रुपए, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग प्राथमिक एवं शिक्षा मद में 42000 लाख रुपए, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 6205.87 लाख रुपए, विधि विभाग को 2962.45 लाख रुपए, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को 3024.50 लाख रुपए, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 7915.57 लाख रुपए की राशि का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 44863.30 लाख रुपए, वित्त विभाग को 83583.48 लाख रुपए, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को 20243.52 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। 25 अगस्त को इस पर चर्चा के बाद अनुपूरक बजट पारित होगा।**

**मुख्यमंत्री ने दी उम्रकैद के 51 कैदियों...**

राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा ई-श्रम कार्ड इत्यादि योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया है। रिहा हुए वैसे कैदी, जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्रक्रियाधीन है। जल्द ही सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से उन्हें आच्छादित किया जाएगा।

**रिहा हो रहे कैदियों को नया जीवन...**

स्थिति ठीक नहीं रहने की बात कही गई है। इन सभी मामलों के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर ऐसे कैदियों को शारीरिक एवं मानसिक चिकित्सा प्रदान किए जाएं। चिकित्सा के बाद डॉक्टरों द्वारा दिए गए रिपोर्ट के अनुसार वैसे कैदियों की रिहाई पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि वे अपना जीवन सुचारू रूप से व्यतीत कर सकें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को हर हाल में सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से जोड़ें।

**पीएम मोदी ने कोडरमा-वैशाली मेमू ट्रेन...**

मार्ग के रूप में स्थापित करने की भी उम्मीद है। पीएम मोदी ने रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों से जुड़ी लगभग 13,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन किया। नई मेमू सेवा को संतुलित क्षेत्रीय विकास प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**संसद भवन की सुरक्षा में...**

वह सुबह करीब 6.30 बजे संसद भवन में घुसा। उस शख्स को वहां घुमते हुए देखकर संसद भवन में मौजूद सिक्योरिटी ने उसे पकड़ लिया। सुरक्षा में सेंध की एक ऐसी ही घटना पिछले साल भी हुई थी, जब 20 साल की उम्र का एक व्यक्ति संसद भवन एनेक्सी में घुस गया था। इस घटना का एक कथित वीडियो भी सामने आया था, जिसमें संदिग्ध व्यक्ति, जो शॉर्ट्स और टी-शर्ट पहने हुए था, सशस्त्र सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा पकड़े हुए दिखाई दे रहा था। तलाशी के दौरान उस व्यक्ति के पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। वर्ष 2023 में भी संसद हमले के बरसी के दिन भारी सुरक्षा चूक की घटना हुई। सागर शर्मा और मनोरंजन डी, दो युवक संसद में जारी कार्यवाही के बीच लोकसभा कक्ष में घुस गए थे। इन लोगों ने संसद में दर्शक दीर्घा से कूदने के बाद लोकसभा कक्ष के अंदर पीले रंग का धुआं छोड़ा था। हालांकि, सदन में मौजूद सांसदों ने दोनों को दबोच लिया। उसी समय, संसद के बाहर नीलम आजाद और अमोल शिंदे ने भी पीले रंग का धुआं छोड़ा था। इस मामले में कुल 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। अन्य दो आरोपियों में महेश कुमावत और ललित झा शामिल थे। ललित झा को पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड माना जाता है। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा चूक मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में 900 पन्नों से अधिक की चार्जशीट दायर की थी।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-09/2025-26

पत्रांक –524गढ़वा/ दिनांक – 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मैला नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण ग्राम– हरता, पंचायत– फकिराडिह, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 83,22,244.27 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD)ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कर्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 360157 Minor Irrigation (25-26)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-07/2025-26

पत्रांक –522 गढ़वा/दिनांक – 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | हेसलदाग नाला पर एकल चेकडैम निर्माण ग्राम– अरसली दक्षिण , पंचायत– अरसली दक्षिण, प्रखण्ड– भवनाथपुर, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 50,83,630.54 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 360158 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-10/2025-26

पत्रांक –525 गढ़वा/दिनांक – 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उबका नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण ग्राम– रोदो, पंचायत– बिजका, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 81,36,949.79 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 360160 Minor Irrigation(25-26).D

### जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (जिला भू–अर्जन शाखा)

**आदेश**

NH-143A पथ के लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण परियोजना एवं NH-75 पथ कुडू से उदयपुरा तक पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवश्यक दस्तावेज यथा खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद (Online Rasid) आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, इण्डमिनिटी बॉण्ड पेपर, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, दो रंगीन फोटो प्राप्त करने एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन किया जाता है।

NH-143A पथ के बाईपास निर्माण परियोजना हेतु शिविर की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | शिविर की तिथि | अंचल का नाम | समय | शिविर का स्थल | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.08.2025 | लोहरदगा | 11:00 बजे पूर्वाहन | पंचायत भवन निंगनी | निंगनी |
| 2 | 29.08.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | सहेदा, जोरी, बंजार किस्को |
| 3 | 01.09.2025 | लोहरदगा | | तहसील कचहरी कैमो | कैमो |
| 4 | 26.08.2025 28.08.2025 | किस्को | | पंचायत भवन बेटहठ | बेटहठ |
| 5 | 30.08.2025 | किस्को | | पंचायत भवन अरेया | अरेया |
| 6 | 02.09.2025 | किस्को | | अखाड़ा नवाटोली, अरेया | पतरातू |
| 7 | 26.08.2025 | सेन्हा | | नौदी आंगनबाडी केन्द्र (सेन्हा) | सेन्हा |
| 8 | 28.08.2025 | सेन्हा | | आंगनबाडी केन्द्र (चन्दकोपा) | चन्दकोपा |
| 9 | 02.09.2025 | सेन्हा | | फुटबॉल मौदान पंचायत भवन के समिप | अरू |
| 10 | 06.09.2025 | सेन्हा | | सामुदायिक भवन गुड़िया टोली (बनसरी) | बनसरी |

NH-75 पथ कुडू से उदयपुरा तक पथ निर्माण परियोजना हेतु शिविर की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | शिविर की तिथि | अंचल का नाम | समय | शिविर का स्थल | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.08.2025 | कुडू | 11:00 बजे पूर्वाहन | पंचायत भवन, जीमा | टीको |
| 2 | 29.08.2025 | कुडू | | पंचायत भवन कुडू | कुडू |
| 3 | 02.09.2025 | कुडू | | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुन्दों | कुन्दो |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 360184 Lohardaga(25-26)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-10/2025-26

पत्रांकः– 359 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गजुआ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 48,57,700=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhand tenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360212 Minor Irrigation(25-26)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-09/2025-26

पत्रांक :– 358 मेदिनीनगर, दिनांक :– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डिलवाहीझाझ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 63,18,000=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360208 Minor Irrigation (25-26)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-08/2025-26

पत्रांकः– 357 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बुढ़ीडुबा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 66,60,700=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 360207 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-05/2025-26

पत्रांकः– 354 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | खजुरिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 66,71,000=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 360197 Minor Irrigation(25-26)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-06/2025-26

पत्रांकः– 355 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बेटीबाँध नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 71,10,500=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360199 Minor Irrigation(25-26).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-07/2025-26

पत्रांकः– 356 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गिद्धी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 67,89,800=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 360204 Minor Irrigation (25-26)D

## एमएफएन कंटेंडर्स सीरीज में झारखंड के स्वास्तिक के दिखाया अपना दम



**रांची** । 22-24 अगस्त तक शहीद विजय सिंह पथिक इनडोर स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में चल रही एमएफएन (मैट्रिक्स फाइट नाइट) कंटेंडर सीरीज में झारखंड के स्वस्तिक कुमार ने अपना परचम लहराते हुए आज हुए मुकाबले में महाराष्ट्र के फाइटर से एकतरफा जीत के साथ अपना आगाज कर दिया है। महज 1 मिनट से भी कम समय में महाराष्ट्र के खिलाड़ी को नॉकआउट कर दिया मैट्रिक्स फाइट नाइट का एक फॉर्मेट है। यह भारत में एमएमए (मिश्रित मार्शल आर्ट) के उभरते हुए। और होनहार फाइटर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह एक तरह का "फीडर" इवेंट है, जिसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले फाइटर्स को एमएफएन के मुख्य इवेंट "अंतर्राष्ट्रीय फाइट नाइट" में लड़ने का मौका मिलता हैं, इसका संचालन भारतीय फिल्म जगत के सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ करते हैं, एमएफएन दावेदार श्रृंखला भारतीय एमएमए फाइटर्स के लिए एक लॉन्चपैड है, फाइटर बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकते हैं, एमएफएन दावेदार श्रृंखला भारतीय एमएमए फाइटर्स के लिए एक लॉन्चपैड है। फाइटर बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारत के एमएमए खिलाड़ियों को पहचानना और उन्हें विश्व पटल पर विख्यात यूएफसी जैसे मंच प्रदान करना होता है, खिलाड़ी पूरे देशभर से इसमें हिस्सा लेते हैं। इसमे जीतने पर उन्हें एमएफएन के साथ प्रोफेशनल कॉन्ट्रैक्ट मिलता है। रांची के मेनरोड में 360 स्पोर्ट्स क्लब में स्वस्तिक कुमार पिछले कई वर्षो से कोच सुदामा वर्मा व सह कोच मोहित कुमार के देखरेख में प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे है। अब स्वस्तिक कुमार खिलाड़ी एमएफएन (प्रतियोगी श्रृंखला)खेलने वाले झारखंड के प्रथम खिलाड़ी बन गए हैं।

**महिला विश्व कप 2025**

# वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले ही शेड्यूल में हुआ बदलाव, लिया गया बड़ा फैसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

महिला वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होना है और इसमें कुल 8 टीमों को हिस्सा लेना है। लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही इसके शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया है। बेंगलुरू में हुई भगदड़ के बाद अब आईसीसी ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों को नवी मुंबई के मैदान पर शिफ्ट करने का फैसला किया है।

**भगदड़ की वजह से बेंगलुरु से हटे मैच :** आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी की टीम ने जीता था। इसके बाद जीत की खुशी मनाने के लिए आरसीबी के प्लेयर्स बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में जमा हुए थे। वहां उन्हें देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी और इसके बाद भगदड़ मचने से कई फैंस की जान चली गई। फिर कर्नाटक सरकार ने एक आयोग का गठन किया, जिसने बेंगलुरु के मैदान को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित करार दिया। अब इसके बाद ही आईसीसी ने बेंगलुरु के मैदान पर मैच नहीं करवाने का फैसला किया है।




यह तस्वीर 11 अगस्त की है, जब भारतीय कप्तान **हरमनप्रीत कौर** और **स्मृति मंधाना** की मौजूदगी में मुंबई में ट्रॉफी लॉन्च की

## नवी मुंबई के मैदान पर होंगे मैच

30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला बेंगलुरु के मैदान पर होना था, जो अब गुहावाही के मैदान पर खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड बनाम साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला भी 3 अक्टूबर को होना था, जो अब गुहावाटी में होगा। 20 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम बांग्लादेश के बीच मुकाबला कोलंबो के मैदान पर खेला जाना था, जिसे अब नवी मुंबई के मैदान पर खेला जाएगा। दूसरी तरफ बेंगलुरु में होने वाले दो मैच नवी मुंबई को और मिले हैं। इनमें भारत बनाम न्यूज़ीलैंड (23 अक्टूबर) और भारत बनाम बांग्लादेश (26 अक्टूबर) के मैच शामिल हैं। इस बात की भी पूरी संभावना है कि फाइनल या तो नवी मुंबई में करवाया जाएगा और फिर श्रीलंका के कोलंबो में।

## जय शाह ने कही ये बात

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि नवी मुंबई हाल के सालों में महिला क्रिकेट का एक घर बनकर उभरा है। इंटरनेशनल मैच और वुमेंस प्रीमियर लीग के दौरान इसे जो समर्थन मिला है। वह प्लेयर्स का उत्साह बढ़ाता है। मुझे यकीन है कि यही ऊर्जा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के बड़े मैचों को परिभाषित करेगी, जो 12 साल बाद भारत लौट रहा है।



**पीकेएल-12**

## कोई ऐसा रेडर नहीं दिखता जो मुझे चुनौती दे सके: गुजरात जायंट्स के कप्तान मोहम्मदरेजा शादलुई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




गुजरात जायंट्स ने पिछले सीजन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस बार प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए एक मजबूत टीम बनाई है। इसमें कई बड़े खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से एक हैं ईरान के ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा शादलूई, जो पिछले सीजन के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) रहे थे। शादलूई ने पिछले सीजन हरियाणा स्टीलर्स को उनका पहला खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उससे पहले वे पुनेरी पलटन के लिए भी खेल चुके हैं और पीकेएल सीजन 10 में 99 टैकल प्वाइंट और 27 रेड प्वाइंट हासिल कर टीम को चैंपियन बनाया था। इस बार शादलूई गुजरात जायंट्स के कप्तान हैं। वे कहते हैं कि कोई भी रेडर उन्हें या उनकी टीम को चुनौती नहीं दे सकता। जियोस्टार द्वारा आयोजित पीकेएल 12 मीडिया डे पर शैडलोई ने कहा, "मैं अच्छा खेलूंगा, अच्छी टैकल करूंगा। यहां के खिलाड़ी मुझे प्यार करते हैं और मैं भी उन्हें। यह सीजन मेरे लिए बहुत अहम है। मैं टीम के लिए सब कुछ कर सकता हूं। मैं रेड भी कर सकता हूं और डिफेंड भी। मुझे पूरा भरोसा है कि कोई रेडर हमें चुनौती नहीं दे पाएगा। मैं अपने खिलाड़ियों से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊंगा। गुजरात जायंट्स के पास बेहतरीन रेडिंग यूनिट भी है।

## बीसीसीआई ने पुरुष सेलेक्शन कमेटी के लिए मंगाए आवेदन

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पांच सदस्यीय सीनियर मेंस सेलेक्शन कमेटी में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। सेलेक्टर पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सभी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है। फिर बाद में बीसीसीआई उम्मीदवारों के नामों पर विचार करेगी।

**पुरुष सेलेक्शन कमेटी ने दो पद हैं खाली :** पुरुष सेलेक्शन कमेटी में दो पद खाली है। उम्मीदवारों का सेलेक्शन कमेटी में चयन होने पर वह टेस्ट, वनडे और T20I और बीसीसीआई द्वारा किसी भी निर्धारित फॉर्मेट में टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

आप सभी लातेहार जिलावासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मेरा देश मेरा पहचान।

संदीप सिंह
युवा समाजसेवी
बारियातू, लातेहार।

बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिवार की ओर से 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
स्वच्छ रहें स्वास्थ्य रहें

प्रकाश बड़ाइक
चिकित्सा प्रभारी
बालूमाथ लातेहार, झारखंड।

आप सभी क्षेत्रवासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सब पढ़े सब बढ़े

विनय कुमार निराला
प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय
आरा बालूमाथ, लातेहार।

अमरवाडीह पुलिस पीकेट परिवार की ओर से आप सभी क्षेत्र वासी एवं भारत देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवंशुभकामनाएं।
सत्यमेव जयते ...

अनुभव सिन्हा
पुलिस पिकेट प्रभारी
अमरवाडीह बालूमाथ लातेहार, झारखंड।

बालूमाथ प्रखंड अंचल परिवार की ओर से आप सभी प्रखंडवासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जय हिंद, जय भारत

बालेश्वर राम
अंचलाधिकारी
बालूमाथ, लातेहार।

बालूमाथ सीसीएल पुलिस प्रशासन एवं प्रखंडवासी और देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मेरा देश मेरा पहचान

प्रदीप यादव
युवा समाजसेवी सह व्यवसाई
बालूमाथ, लातेहार।

आप सभी बालूमाथ प्रखंडवासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा....

रंजीत यादव
अध्यक्ष
दुर्गा पूजा समिति शेरेगड़ा सह युवा समाजसेवी बालूमाथ, लातेहार।

बालूमाथ प्रखंडवासी, पुलिस प्रशासन एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मेरा देश मेरा पहचान।

राजेश यादव
झामुमो नेता
बालूमाथ, लातेहार।

बालूमाथ थाना पुलिस परिवार की ओर से आप सभी प्रखंडवासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
तिरंगा हमारी शान है, हम भारतीयों का मान हैं

अमरेंद्र कुमार
थाना प्रभारी
बालूमाथ, लातेहार।

आप सभी मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन एवं प्रखंड वासी और देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सबसे प्यारा देश हमारा

अभिमन्यु प्रसाद
युवा समाजसेवी
मगध चमातू बालूमाथ, लातेहार।

मुखिया संघ बालूमाथ की ओर से आप सभी प्रखंडवासी, पुलिस प्रशासन,सीसीएल एवं सभी राजनीति पार्टी के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, मीडिया बंधु और देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
देश हमारा सबसे प्यारा

नरेश लोहरा
मुखिया
पंचायत बालूमाथ, लातेहार।

आप सभी चमातु ग्रामवासी एवं मगध सीसीएल, पुलिस प्रशासन, और देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
भारत माता की जय

सत्यनारायण प्रसाद
वरिष्ठ समाजसेवी
मगध चमातू बालूमाथ, लातेहार।

मगध सीसीएल परिवार की ओर से आप सभी भूरैयत विस्थापित डीओ होल्डर एवं प्रखंडवासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे

सदाला सतनारायणन
परियोजना पदाधिकारी
संघमित्रा क्षेत्र मगध बालूमाथ लातेहार, झारखंड।

आप सभी लातेहार जिलावासी, पुलिस-प्रशासन, जनप्रतिनिधि, मीडिया बंधु एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मेरा देश मेरा पहचान।

दयाशंकर सिंह
प्रोजेक्ट डायरेक्टर
साईं कृपा टोरी शिवपुरी रेल लाइन निर्माण कंपनी बालूमाथ, लातेहार।

बालूमाथ पुलिस अंचल क्षेत्रवासी एवं देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
वीरों का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान

परमानंद बीरूआ
पुलिस इंस्पेक्टर
बालूमाथ, लातेहार।

आप सभी चमातू ग्राम वासी मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन बालूमाथ और देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा....

विजय साव
युवा समाजसेवी
मगध चमातू बालूमाथ, लातेहार।

तेतरियाखाड़ /मगध सीसीएल, पुलिस- प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी और देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सरफरोशी की तमन्ना, अब हमारे दिल में है...

मनोज यादव
तेतरियाखाड़ विस्थापित नेता सह झामुमो कोषाध्यक्ष, लातेहार

आप सभी चमातु ग्रामवासी मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जय जवान जय किसान

कुलदीप साव
युवा समाजसेवी
मगध चमातू बालूमाथ, लातेहार।

आप सभी आरा ग्राम वासी, मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन प्रखंडवासी एवं देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
स्वच्छ रहें स्वास्थ्य रहें।

पदुम यादव
वरिष्ठ समाजसेवी
मगध आरा बालूमाथ, लातेहार।

आयशर ट्रैक्टर शो रुम की ओर से लातेहार जिला के विभिन्न प्रखंड के देव तुल्य किसान भाइयों एवं जिला के नागरिकों और देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जय जवान जय किसान

अनिल कुमार सिंह
आयशर ट्रैक्टर शोरूम संचालक,मेन रोड मुरपा मोड़ बालूमाथ लातेहार।

आप सभी आरा ग्राम वासी मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन और देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा...

मंगल सिंह
समाजसेवी
मगध आरा बालूमाथ, लातेहार।

आप सभी आरा ग्राम वासी मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
भारत माता की जय

जितेंद्र प्रसाद
समाजसेवी
सह सहायक शिक्षक उ. म.वि. आरा बालूमाथ, लातेहार।

बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्रवासी एवं भारत देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
वीरों की खुरबानी, राष्ट्र की कहानी

विनोद रवानी
एसडीपीओ
बालूमाथ, लातेहार, झारखंड।

आप सभी आरा ग्राम वासी मगध सीसीएल पुलिस प्रशासन एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
वंदे मातरम

रवि प्रकाश
युवा समाजसेवी
मगध आरा बालूमाथ, लातेहार।